हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026

FOR THE FIRST TIME IN THE

HISTORY OF CHHATTISGARH



SAHELI AURUM

PURE & PROMISING FOREVER

A SUNIL JAIN LEGACY

presents

BIGGEST JEWELLERY SHOW 2026

21st TO 25th SEPTEMBER | 11 AM TO 9 PM

Launch Date - 22nd September | Time - 11:00 AM | Venue - Sadar Bazar, Raipur

आमंत्रित अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में



आदरणीया श्रीमति कौशल्या देवीजी साय

समाज सेविका

धर्मपत्नी श्री विष्णुदेव जी साय मुख्यमंत्री, छ.ग.



आदरणीया श्रीमति मीनल चौबे जी

महापौर (प्रथम नागरिक)

नगर निगम, रायपुर, छ.ग.

Launching 11 New Collection in the Presence of Our Esteemed Guests

ROYALIS Timeless Heritage Art | EKAM THE LIMITED MASTERPIECES | ETERN MAGIC OF HANDCRAFT DIAMONDS | Glint THE DIAMONDS GLAM | Rajsa The Royal Touch | Nia ITS LITE IT'S A DELIGHT | SHUBH RATNA THE RIGHT GEMSTONE | Riva Polki Classics | Bomat THE ANTIQUE ARTISTRY | Rosette ROSE GOLD AFFAIR | inara OPEN POLKI ELEGANCE

SADAR BAZAR, RAIPUR
+91 9584411144

SHREE SHIVAM MALL, DURG
+91 9244509870

BAZAR CHOWK, UTAI
+91 7647072145

CREATIVE HUB ADVERTISING

भड़का तनाव, तालिबान बोला- हमले का जवाब देंगे

पाकिस्तान ने की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 28 आतंकवादी मारे

एजेंसी ▶▶| काबुल

सोमवार को पूर्वोत्तर अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। लगभग तीन महीने की शांति के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच एक बार फिर तनाव भड़का दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में तीन ठिकानों पर हवाई हमलों में 28 आतंकवादी और आत्मघाती हमलावर मारे गए। पूर्व सहयोगियों के बीच इस साल फरवरी से ही संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं, जब दोनों के बीच पिछले कई वर्षों की सबसे भीषण झड़प हुई थी।



विवाद का कारण : दोनों देशों के बीच विवाद का मुख्य कारण पाकिस्तान में पनप रहा चरमपंथ है। इस्लामाबाद का आरोप है कि काबुल उन चरमपंथियों को पनाह देता है जो अफगान सीमा से पाकिस्तान में घुसपैठ कर हमले करते हैं। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार इन आरोपों को सिरे से खारिज करती है और उसका कहना है कि चरमपंथ पाकिस्तान की अपनी आंतरिक समस्या है।

हमले की वजह

सोमवार को हुए ये हवाई हमले उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक पुलिस केंद्र पर हुए बड़े हमले के कुछ ही दिनों बाद हुए हैं, जिसमें कम से कम 16 लोग मारे गए थे। तालिबान के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पाकिस्तान के इन हवाई हमलों में कुनार प्रांत में कम से कम एक घर को निशाना बनाया गया, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। उन्होंने आगे बताया कि पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में भी दो स्थानों पर बमबारी की गई, जिससे एक दुकान और एक खाली घर नष्ट हो गया। हालांकि, यहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस मामले में पाकिस्तानी सेना की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दक्षिण कोरिया के 3 अफसर जख्मी

एक और टकराव का सीन तैयार, उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइल, बढ़ा तनाव

एजेंसी ▶▶| सियोल

उत्तर कोरिया ने रविवार को अपने पूर्वी तट से दो मिसाइलें दागकर एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया। यह करीब एक हफ्ते के अंदर उत्तर कोरिया की दूसरी मिसाइल टेस्टिंग थी। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दोनों मिसाइलें शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल थीं और इन्हें वॉनसन इलाके से दागा गया। जापान ने भी उत्तर कोरिया के खिलाफ राजनयिक माध्यमों से विरोध दर्ज कराया। जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने कहा कि उत्तर कोरिया की यह कार्रवाई जापान, पूरे क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और



जापान के सैन्य अभ्यासों पर भी नाराजगी जताई थी। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने शुक्रवार को अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य अभ्यासों को कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने परमाणु हथियारों को मजबूत करने की उत्तर कोरिया की नीति में कोई बदलाव नहीं होने की बात कही थी।

बफर जोन में धमाका

दक्षिण कोरियाई सरकार ने बताया कि यह धमाका 'डिमिलिटराइज्ड जोन' (डीएमजेड) में एक अज्ञात ऑपरेशन के दौरान हुआ। यह दोनों देशों के बीच सीमा पर बना एक बफ़र जोन है जिसे आम तौर पर डीएमजेड कहा जाता है। मंत्रालय के अनुसार, धमाके की वजह का तुरंत पता नहीं चल सका। हालांकि, लैंड माइन की आशंका इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि उत्तर कोरिया हाल के महीनों में सीमा पर अपनी सैन्य तैयारियां लगातार मजबूत कर रहा है। रिपोर्टों के मुताबिक उत्तर कोरियाई सैनिकों ने सीमा के आसपास नई बारूदी सुरंगें, एंटी-टैंक बैरियर और दूसरी सैन्य किलेबंदी तैयार की है। दोनों देशों के बीच रिश्ते लंबे समय से बेहद तनावपूर्ण हैं।

दिल्ली कोर्ट ने कहा, 'सीजेएम ने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया'

सोनिया वोटर लिस्ट मामले में बड़ा मोड़

मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द अब नए सिरे से सुनवाई

यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी का नाम नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले वोटर लिस्ट में शामिल किए जाने के आरोप की जांच फिर से शुरू हो सकती है। दिल्ली की एक कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया है। मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में सोनिया गांधी के नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल किए जाने के आरोप की जांच से इंकार किया गया था।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की द्वारका कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश बिना ठोस कारण बताए दिया गया था और इससे पता चलता है कि मामले पर ठीक से विचार नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट के आदेश में शिकायत को अधूरा बताया गया था और इसमें कानून की स्पष्ट गलती थी। जज ने कहा कि संज्ञेय अपराध के खुलासे पर बिना कोई कारण बताए आदेश पारित करने में एसीजेएम ने बिल्कुल भी अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। संबंधित पुलिस अधिकारी की दलीलें न सुनने और संबंधित पुलिस थाने से स्थिति की रिपोर्ट न मंगवाने के कारण विवादित आदेश में कानून की स्पष्ट त्रुटि है। कोर्ट ने आगे यह भी टिप्पणी करते हुए कहा कि एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने के बजाय, मजिस्ट्रेट का आदेश नागरिकता के मुद्दे की ओर भटक गया। इसके बाद कोर्ट ने मामले को मजिस्ट्रेट के पास वापस भेज दिया है ताकि वे ठोस कारणों के साथ आदेश जारी कर सकें और दलीलों पर फिर से सुनवाई का निर्देश दिया है।

खास बातें

- मजिस्ट्रेट का आदेश नागरिकता के मुद्दे की ओर भटक गया
- तीन साल पहले वोटर लिस्ट में शामिल किए जाने का है मामला





आदेश पूरी तरह निरर्थक है

द्वारका कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोयल ने कहा कि यह आदेश पूरी तरह निरर्थक था, जिसमें उचित नहीं था। इस मामले को 29 सितंबर को एसीजेएम के समाने पेश किया जाएगा। जज विशाल गोयल ने कहा कि किसी भी न्यायिक आदेश के लिए कानून को सर्वोपरि माना गया है और किसी भी आदेश को तथ्यों के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। आगे कहा गया कि विवादित आदेश में इस पर कोई चर्चा नहीं हुई कि सोनिया गांधी का नाम 1980, 1982 और 1983 वोटर लिस्ट में किस क्रम में शामिल किया गया, हटाया गया या फिर से शामिल किया गया और शिकायत को पूरी तरह खारिज क्यों किया गया।

यह है मामला : पिछले साल सितंबर में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक याचिका खारिज कर दी थी, इसमें 1980 में नागरिकता लेने से तीन साल पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में फर्जी तरीके से शामिल कर दिया गया था। यह शिकायत एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने की थी, जिसे सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील पवन नारंग ने प्रेजेंट किया था।

आय से अधिक संपत्ति राहुल को बड़ी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट की उस कार्यवाही को चुनौती दी है जिसमें उनके खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों पर सीबीआई और ईडी जांच की मांग की गई थी। ये सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने की, सुप्रीम कोर्ट ने प्लीडिंग पूरी करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया। इस दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने लिखित दस्तावेज, जैसे याचिका, जवाब और यदि हो तो रीज्वॉइंडर-कोर्ट में निर्धारित समय-सीमा के भीतर दाखिल करेंगे। ये मामला 3 हफ्ते बाद सूचीबद्ध किया जायेगा और इस दौरान मौजूदा अंतरिम आदेश जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले हाईकोर्ट की कार्यवाही को स्थगित रखते हुए सीबीआई/ईडी को रिपोर्ट जमा करने से रोक दिया था।



यह है मामला

इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आरोपों की जांच के निर्देश दिए थे। ये मामला कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि गांधी के पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से कहीं ज्यादा संपत्ति है। मई 2026 में दिए गए एक आदेश में, हाईकोर्ट ने निर्देश दिया था कि अगर शिकायत मिली है, तो आरोपों की जांच कानून के अनुसार की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि ऐसी जांच के नतीजों के आधार पर सीबीआई या ईडी कानून के तहत जरूरी कदम उठा सकती हैं। हाईकोर्ट ने एजेंसियों को इस मामले में हुए प्रोग्रेस के बारे में जानकारी देने का भी निर्देश दिया।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया नियम

'रस्में जरूरी, आर्य समाज का मैरिज सर्टिफिकेट पर्याप्त नहीं'

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल आर्य समाज मंदिर से जारी विवाह प्रमाणपत्र के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि हिंदू विवाह वैध रूप से संपन्न हुआ था। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत जरूरी रस्में और अनुष्ठान किए गए हों, तभी विवाह को कानूनी रूप से मान्य माना जा सकता है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह बात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारी रोहित पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने पांडेय को नौकरी से हटाने का आदेश रद्द कर दिया। उन्हें अपनी वैवाहिक स्थिति के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का दिया हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के 1971 के प्रिया बाला घोष बनाम सुरेश चंद्र घोष मामले में दिए गए फैसले का भी हवाला दिया। इस फैसले में कहा गया था कि हिंदू विवाह को साबित करने के लिए जरूरी रस्मों का होना महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा कि केवल आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र पेश करने से यह साबित नहीं होता कि विवाह हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार संपन्न हुआ था।

अमेरिकी चैनलों ने किया ट्रंप का बायकॉट

सीएनएन सहित तीन चैनल को बैन करने का विरोध

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के प्रमुख टेलीविजन नेटवर्कों ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक कार्यक्रमों की साझा वीडियो पूल कवरेज का बहिष्कार कर दिया। व्हाइट हाउस द्वारा सीएनएन, एमएस नाउ और पोलिटिको पर फर्जी खबरें चलाने का आरोप लगाकर प्रतिबंध लगाने के बाद यह फैसला लिया गया। सोमवार को सीएनएन को निर्धारित कवरेज करने से रोका गया, जिसके विरोध में फॉक्स न्यूज, एबीसी न्यूज, सीबीएस न्यूज, सीएनएन और एनबीसी न्यूज ने मिलकर संयुक्त रूप से पूल कवरेज न करने का ऐलान किया। बताया जा रहा है कि इस विवाद के कारण ट्रंप के यूएनजीए दौरे की वीडियो फीड पर बड़ा असर पड़ा है। व्हाइट हाउस टेलीविजन पूल सिस्टम इसलिए बनाया गया है, ताकि जगह या व्यवस्था की कमी होने पर भी सभी ब्रॉडकास्टर्स को राष्ट्रपति के कार्यक्रमों का वीडियो फुटेज मिल सके। सीएनएन, एबीसी, सीबीएस, फॉक्स न्यूज और एनबीसी बारी-बारी से राष्ट्रपति के कार्यक्रमों में कैमरा क्रू भेजने की जिम्मेदारी और खर्च साझा करते हैं। पूल ड्यूटी पर मौजूद नेटवर्क फुटेज रिकॉर्ड कर बाकी सभी चैनलों को उपलब्ध कराता है।

कोर्ट पहुंचे मीडिया हाउस

पूल निलंबन के साथ ही सीएनएन, एमएस नाउ और पोलिटिको ने राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के सदस्यों के खिलाफ वाशिंगटन डीसी की संघीय अदालत में मुकदमा दायर कर दिया। तीनों संगठनों ने अदालत से अस्थायी रोक लगाने की मांग की है। उनका तर्क है कि यह बैन बोलने और प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़े उनके पहले संशोधन के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

'पत्रकारिता पर हमला स्वीकार नहीं': फॉक्स न्यूज मीडिया, एबीसी न्यूज, सीबीएस न्यूज, सीएनएन और एनबीसी न्यूज ने साझा बयान जारी करते हुए पूल कवरेज रोकने का फैसला किया। मीडिया नेटवर्कों ने कहा कि जनता का अपनी सरकार के बारे में सटीक और स्वतंत्र जानकारी पाना हक है।

खबर संक्षेप

जयशंकर 26 को करेंगे संरा को संबोधित

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वह 26 सितंबर को यूएनजीए के आम बहस सत्र को संबोधित करेंगे। यात्रा के दौरान वो कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे। विदेश में ये न्यूयॉर्क दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18 सितंबर 2026 को लिंडसे ओ ग्राहम एक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाया जा सकता है।



सोमनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। गुजरात के सोमनाथ मंदिर को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। सोमवार को ईमेल सबसे पहले पंजाब पुलिस को मिला था। पंजाब डीजीपी ने गुजरात पुलिस को मेल की जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों ने मंदिर में तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ईमेल की शुरुआत में 'अस्सलामु वालेकुम, अल्लाह-हु-अकबर' लिखा था। इसके बाद सोमनाथ मंदिर, रॉ एजेंसी को निशाना बनाने की बाद कही लिखी थी। ईमेल में चौंकाने वाला दावा किया गया है कि अलग-अलग जगहों पर पहले से ही बम लगाए जा चुके हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नियम

किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी का कारण लिखित में बताना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में और ऐसी भाषा में बताना जरूरी है, जिसे वह समझ सके। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक मानी जाएगी और व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत मौलिक अधिकार है। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस अतुल चंद्रकुर की पीठ ने जसकरनजीत सिंह देओल की याचिका पर यह फैसला सुनाया। नाबालिग से यौन अपराध से जुड़े मामले में उन्हें गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में नहीं बताए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना।



पीठ ने कहा कि यदि अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन के कारण किसी व्यक्ति को रिहा किया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तारी नहीं कर सकती। इसके लिए संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन देकर अनुमति लेनी होगी। आवेदन में दोबारा गिरफ्तारी की जरूरत और पहली बार गिरफ्तारी के दौरान कारण लिखित में नहीं बताए जाने की वजह स्पष्ट करनी होगी।

कर्नाटक के मंत्री का घूस पर विवादित बयान, मचा बवाल

'अधिकारियों को खुशी से दें सम्मान राशि'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

■ भाजपा बोली- मंत्री ही रिश्वत को सही ठहरा रहे

कर्नाटक के मंत्री केएम शिवलिंगेगौड़ा के सरकारी अधिकारियों को 'टिप' देने वाले बयान पर विवाद हो गया। मंत्री ने कहा था कि अगर कोई अधिकारी समय पर और ईमानदारी से काम करता है, तो खुशी से सम्मान के तौर पर उसे कुछ देना गलत नहीं है। मंत्री के इस बयान पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ही सवाल उठाए। लोगों ने सवाल किया कि जब सरकारी कर्मचारियों को वेतन मिलता है, तो उन्हें अलग से पैसे क्यों दिए जाएं। कुछ लोगों ने इसे रिश्वत को सामान्य बनाने वाला बयान बताया और मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, भाजपा एमएलसी सीटी रवि ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार रिश्वत की शिकायत करने की बात कहती है जबकि उसके मंत्री ही अधिकारियों को पैसे देने की बात कर रहे हैं।



मंत्री ने दी सफाई

विवाद बढ़ने पर मंत्री ने कहा कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। उनका कहना था कि ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन किसी अधिकारी को लोगों से पैसे मांगने का अधिकार नहीं है। उन्होंने साफ किया कि वह रिश्वत देने या लेने का समर्थन नहीं करते।

श्रद्धालुओं का रेला...

पुणे में वृंदावन थीम पर बनाया गया है गणपति पंडाल



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में सोमवार को 'गणेश चतुर्थी' त्योहार के दौरान श्रद्धालु वृंदावन के प्रेम मंदिर की थीम पर बने पंडाल की ओर जाते हुए भक्त।

पहलगाम में पति को खोने वाली ऐशान्या का जन्मदिन पर छलका दर्द

'भगवान से नाराज रहने के बाद अब उन्हें माफ करती हूं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

22 अप्रैल 2025 का वह दिन कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिवार के लिए कभी न भूल पाने वाला दिन बन गया। शादी के महज दो महीने बाद पत्नी ऐशान्या के साथ कश्मीर घूमने गए शुभम की पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकी हमले में हत्या कर दी गई थी। हमले के बाद ऐशान्या की आंखों के सामने पति को गोली मार दी गई। उस वक्त उनकी आपबीती ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अब घटना के करीब डेढ़ साल बाद ऐशान्या ने दो दिन पहले अपने जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखकर उस दर्द को फिर शब्द दिए हैं। उन्होंने लिखा है कि शुभम के जाने के बाद एक समय वह खुद भी मर जाना चाहती थीं। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय तक भगवान से नाराज रहने के बाद अब उन्हें माफ करती हूं।

पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमले में पति शुभम को मारा था आतंकियों ने



लंबे समय से मन में बहुत कुछ चल रहा था : ऐशान्या ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट की शुरुआत अपने जन्मदिन से की। उन्होंने जन्मदिन पर महाकाल मंदिर में दर्शन किया। इसके बाद अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि लंबे समय से उनके मन में बहुत कुछ चल रहा था और जन्मदिन से बेहतर अपने दिल की बात कहने के लिए कोई दूसरा दिन नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि वह भगवान से बहुत नाराज थीं। उनके शब्दों में, उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि उनके साथ ऐसा क्यों हुआ। जिंदगी किसी परी-कथा जैसी थी और अचानक सब कुछ उनसे छीन लिया गया। ऐशान्या ने लिखा- उस दिन का सदमा आज भी उनके शरीर और सांसों में मौजूद है। उन्हें आज भी हर दिन उस दुख के साथ जीना पड़ता है। शुभम को खोने का दर्द उनके जीवन का हिस्सा बना हुआ है। ऐशान्या ने लिखा कि कई सवालों के जवाब उन्हें अब भी नहीं मिले हैं। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि आज मैं उन्हें माफ करती हूं।

शादी को हुए थे केवल दो महीने

शुभम द्विवेदी और ऐशान्या की शादी 12 फरवरी 2025 को हुई थी। परिवार के साथ कश्मीर घूमने गए इस नवविवाहित जोड़े को शायद अंदाजा भी नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी की सबसे भयावह घटना में बदल जाएगा। परिवार ने कश्मीर के अलग-अलग पर्यटन स्थल पर घूमने के बाद पहलगाम पहुंचे थे। 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला कर दिया। वह शुभम के साथ बैठी थीं, तभी एक हमलावर उनके पास आया। उसने उनकी धार्मिक पहचान पूछी और कलमा पढ़ने को कहा। कलमा न पढ़ने के बाद आतंकी ने शुभम को गोली मार दी। इस घटना के बाद ऐशान्या की आपबीती देशभर में चर्चा का विषय बनी थी।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



वन अनुसंधान प्रशिक्षण केंद्र में लगाए जाएंगे विलुप्त प्रजाति के औषधीय पौधे

जड़ें गहरी, तेजी से पानी सोख रहे सूबबुल के पेड़, 20 हजार वृक्षों को काटा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के 21 हेक्टेयर में लगे 20 हजार से ज्यादा सूबबुल पेड़ों को काटा जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। काटे गए पेड़ों की जगह विलुप्त प्रजाति के औषधीय तथा छायादार पेड़ लगाए जाने की तैयारी की जाएगी। संस्थान के संचालक कौशलेंद्र कुमार का कहना है, पेड़ों की कटाई के बाद जड़ों को भी नष्ट किया ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

63 हेक्टेयर में फैला है संस्थान

राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना वर्ष 2007 में हुई थी। संस्थान का पूरा परिसर करीब 63 हेक्टेयर में फैला है। यहां वन अनुसंधान, प्रशिक्षण और वन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाते हैं। अब परिसर के एक बड़े हिस्से में फैले सूबबुल को हटाकर स्थानीय वनस्पतियों के पुनर्विकास के लिए जगह तैयार किया जाएगा।



पेड़ काटने टेंडर जारी

औषधीय पौधे लगाए जाएंगे

वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में 21 हेक्टेयर में फैल चुके सूबबुल के पेड़ों की कटाई करने टेंडर जारी किया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पेड़ों की कटाई की जाएगी। साथ ही जमीन के अंदर जड़ों को भी नष्ट किया जाएगा। खाली जमीन में विलुप्त प्रजाति के तथा स्थानीय फलदार तथा छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा।

- कौशलेंद्र कुमार, संचालक राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान



सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹115439/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹140990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹153904/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur



जड़ें गहराई तक जाकर पानी सोखती हैं ...

वनस्पति के जानकारों के अनुसार सूबबुल के पेड़ मिट्टी को जितना उपजाऊ बनाता है, उतनी ही गहराई में जाकर इनकी जड़ें पानी सोंखती है, इस कारण भू-जल का स्तर तेजी से कम होने लगता है। सूबबूल एक फलीदार पौधा है। इसकी जड़ों में विशेष गांथियां होती हैं जो हवा से नाइट्रोजन लेकर उसे मिट्टी में स्थिर करती हैं। इससे बिना रासायनिक खाद (यूरिया) के ही मिट्टी की उर्वरता प्राकृतिक रूप से बढ़ जाती है। इसकी पत्तियां नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम से भरपूर होती हैं। जब इसकी पत्तियां झड़कर मिट्टी में सड़ती हैं, तो वे बेहतरीन कम्पोस्ट या हरी खाद का काम करती हैं। यह खराब, अम्लीय या कम उपजाऊ मिट्टी में भी आसानी से उग जाता है और धीरे-धीरे उस जमीन को खेती योग्य बनाने में मदद करता है।



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, एसआईटी 25 सितंबर तक दाखिल करेगी आरोपपत्र

राम मंदिर में 105 बार चढ़ावा की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुईं घटनाएं

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। यूपी सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईटी दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करेगी। एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। ऐसे में अब चार्जशीट के जरिए जांच से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बताया गया कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन की जांच कर रही अदालत द्वारा गठित विशेष जांच टीम 25 सितंबर तक या उससे पहले पहला आरोपपत्र दाखिल करेगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को बताया कि इस मामले में पहली गिरफ्तारी के बाद से कानूनी तौर पर तय 90 दिन की समय-सीमा जल्द ही खत्म होने वाली है। मेहता ने कहा, पहली गिरफ्तारी की तारीख से 90 दिन की अवधि 25 सितंबर को पूरी हो जाएगी, इसलिए हमें आरोपपत्र दाखिल करना होगा, अन्यथा उन्हें (आरोपियों को) डिफॉल्ट जमानत मिल जाएगी। शीर्ष अदालत ने सीलबंद लिफाफे में एसआईटी की ओर से दाखिल की गई विस्तृत वस्तु स्थिति रिपोर्ट का भी अवलोकन ⏭शेष पेज 5 पर

एसआईटी रिपोर्ट में खुलासा

एसआईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसी फुटेज के आधार पर चढ़ावे की चोरी से जुड़ी 105 घटनाओं की पहचान की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन घटनाओं की जांच पूरी हो चुकी है। एसआईटी के अनुसार अब जांच का अगला चरण चार्जशीट दाखिल करना है। हालांकि, इन 105 घटनाओं में कितनी रकम की चोरी हुई या किन लोगों की भूमिका सामने आई, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इन विवरणों का खुलासा चार्जशीट में होने की बात कही गई है।



किस मामले की सुनवाई हुई?

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच को लेकर दाखिल कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने एसआईटी की जांच की स्थिति अदालत के सामने रखी। पीठ ने एसआईटी की स्टेटस रिपोर्ट भी देखी। अब दो दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल होने के बाद मामले की जांच में सामने आए तथ्यों और आरोपों की विस्तृत तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

मिश्र ने राम मंदिर न्यास के सीईओ का पदभार संभाला

अयोध्या। सेवानिवृत्त एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्र ने अयोध्या में राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी



(सीईओ) के रूप में सोमवार को औपचारिक तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया। रविवार को अयोध्या पहुंचे मिश्र ने सोमवार सुबह राम मंदिर में पूजा-अर्चना की, जिसके बाद वह पदभार ग्रहण करने मंदिर परिसर में नवनिर्मित कार्यालय पहुंचे। मिश्र अयोध्या पहुंचने के बाद रविवार रात रामकोट क्षेत्र स्थित तीर्थ क्षेत्र भवन में ठहरे। चढ़ावा चोरी के आरोपों के बीच प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत 62 वर्षीय मिश्र को दो सितंबर को न्यास का प्रथम सीईओ नियुक्त किया गया था। मिश्र का चयन कई चरण की प्रक्रिया के बाद किया गया।

बंद जीएसटी नंबरों से करोड़ों का कारोबार

एआई टूल्स और डेटा एनालिटिक्स से पहचान, 3000 कारोबारियों को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बंद जीएसटी नंबरों से करोड़ों रुपए का कारोबार किया जा रहा है। बिलासपुर, रायपुर समेत प्रदेश भर में करीब तीन हजार ऐसे बड़े कारोबारियों, संस्थानों और फर्मों की पहचान की गई है, जो अपना जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंसिल कराने के बावजूद उसी अवैध नंबर का इस्तेमाल कर बेखौफ करोड़ों का कारोबार ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर

कंस्ट्रक्शन कंपनियां, बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स, सीजनल सामान विक्रेता, इलेक्ट्रिकल उपकरण और फर्नीचर कारोबारी

जांच के बाद बड़ी संख्या में जीएसटी नंबर रद्द, कई मामलों में नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू

एआई ने ऐसे पकड़ी गड़बड़ी

राज्य जीएसटी विभाग ने डेटा एनालिटिक्स और एआई तकनीक के जरिए रिटर्न, ई-वे बिल, बैंकिंग पैटर्न और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान किया। इसके आधार पर संदिग्ध जीएसटी नंबरों की सूची तैयार की गई। जांच में सामने आया कि कई फर्में कागजों पर तो सक्रिय थीं, लेकिन उनके पंजीकृत पते पर कोई वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो रही थी। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मामलों में पहले संबंधित कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके जीएसटी पंजीकरण रद्द करने की कार्रवाई शुरू की गई। जिन मामलों में जानबूझकर फर्जीवाड़े के संकेत मिले हैं, वहां आपराधिक कार्रवाई के तहत एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है।

फर्जी दस्तावेजों से फर्म बनाने का आरोप

जीएसटी विभाग के अनुसार जांच में कई फर्मों के पते पर कारोबार नहीं मिला। कुछ किरायानामों में संबंधित लोगों के हस्ताक्षर भी फर्जी पाए गए। वहीं फर्मों के नाम पर दर्ज बैंक खातों को भी संबंधित लोगों ने अपना नहीं बताया। विभाग ने इसे फर्जी दस्तावेजों के जरिये कारोबार दिखाकर टैक्स का लाभ लेने का मामला माना है। पुलिस ने भी कई मामलों में अपराध दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में विभाग द्वारा और अधिक संदिग्ध जीएसटी खातों की जांच तथा डिजिटल निगरानी का दायरा बढ़ाया जाएगा।

खबर संक्षेप

दिल्ली हाईकोर्ट को मिले सात नए जस्टिस

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में सात न्यायिक अधिकारियों ने सोमवार को न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली, जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय ने न्यायमूर्ति निवेदिता अनिल शर्मा, न्यायमूर्ति निशा सहाय सक्सेना, न्यायमूर्ति संजय शर्मा, न्यायमूर्ति भरत पाराशर, न्यायमूर्ति अदिति चौधरी, न्यायमूर्ति दिनेश भट्ट और न्यायमूर्ति अरुण भारद्वाज को शपथ दिलाई। ये सभी यहां की जिला अदालतों में न्यायिक अधिकारी के तौर पर काम कर रहे थे।

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक का इंतजार

सुचिका ने रचा इतिहास, भारत को मिले अब तक छह पदक

एजेंसी ⏭ नागोया

भारत का एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का इंतजार सोमवार को भी खत्म नहीं हो पाया लेकिन निशानेबाजी रेंज पर उसने कुछ पदक बटोरे। दो दिन में भारत को कुल छह पदक मिले हैं। मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में देश का पहला पोडियम फिनिश इतिहास से ज्यादा दिल तोड़ने वाली कहानी बनकर रह ⏭शेष पेज 5 पर



शूटिंग में अब तक जीते पदक

10 मीटर एयर राइफल महिला व्यक्तिगत स्पर्धा : इलावेनिल वलारिवान (सिल्वर)
10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा : सिल्वर
10 मीटर एयर राइफल मेंस टीम स्पर्धा : सिल्वर
10 मीटर एयर राइफल मेंस व्यक्तिगत स्पर्धा : हिमांशु ढिल्लों (सिल्वर)
10 मीटर एयर राइफल मेंस व्यक्तिगत स्पर्धा : रुद्रांश पाटिल (ब्रॉन्ज)

दशहरा, दीपावली और शीतकालीन छुट्टियां 5-5 दिनों की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए दशहरा, दीपावली और शीतकालीन छुट्टियों की तिथि घोषित कर दी गई है। दशहरा व दीपावली के लिए पांच-पांच दिनों की छुट्टियां प्रदान की जाएंगी। वहीं शीतकालीन छुट्टियां भी पांच दिनों की ही प्रदान की जाएगी। शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में भी इन तिथियों में अवकाश रहेगा। डीएलएड व बीएड महाविद्यालय ⏭शेष पेज 5 पर



अवकाश तिथि

दशहरा - 17 से 21 अक्टूबर
दीपावली - 6 से 10 नवंबर
शीतकालीन अवकाश - 24 से 28 दिसंबर

कार की टक्कर, दो मासूमों की गई जान, पिता गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

देवरी थाना क्षेत्र के परसुली गांव के पास रविवार रात डौंडीलोहारा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में दो मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में बाइक चालक पवन कुमार सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद से परसुली गांव में मातम पसरा हुआ है। परसुली निवासी पवन कुमार सोनकर रविवार रात अपने 3 वर्षीय पुत्र हिमांशु सोनकर और 12 वर्षीय भतीजे नमन कुमार सोनकर के साथ बाइक क्रमांक सीजी 24 एस 1107 से घर के पास सड़क पर निकले थे। इसी दौरान डौंडीलोहारा की ओर से देवरी की तरफ जा रही कार क्रमांक सीजी 7360 के चालक ने तेज रफ्तार में वाहन को रॉन्ग साइड में ले जाकर बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गिर गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को संभालते हुए पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी। तीनों घायलों को देवरीबंगला ⏭शेष पेज 5 पर







चालक हुआ फरार

हादसे के बाद चालक और उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर उसके नंबर के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों ने चालक के शराब के नशे में होने की बात कही है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच और मेडिकल जांच के बाद ही हो सकेगी। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को सुबह दोनों बच्चों हिमांशु और नमन का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया गया।

भूपेश-गोगोई के काफिले पर हमला, वापस जाओ के नारे

एजेंसी ⏭ नगांव

असम के नगांव लोकसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान समागुरी विधानसभा क्षेत्र के बारामा बाजार में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। यह घटना शाम करीब चार बजे समागुरी विधानसभा क्षेत्र में हुई, जब पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई के नेतृत्व में एक समूह जनसभा के लिए लारीरमुख जा रहा था। इस काफिले में धुबरी के सांसद रकीबुल हुसैन, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी उम्मीदवार सिबमोनी बोरा आदि भी शामिल थे।

नगांव उपचुनाव : प्रचार के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच झड़प





जब दोपहिया वाहनों पर सवार करीब 30 से 40 कांग्रेस कार्यकर्ता उस इलाके से गुजरे, तो 'गौरव गोगोई वापस जाओ, कांग्रेस वापस जाओ, रकीबुल वापस जाओ' जैसे नारे लगाए गए ⏭शेष पेज 5 पर

सीएम शर्मा ने भेजे गुंडे : वेणुगोपाल

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या के बाद, मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने अपने राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए अपने गुंडे भेजे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं और उनके अभियान से सत्ताधारी भाजपा परेशान हो गई है।

थाने में शिकायत दर्ज

राज्य महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर गोस्वामी ने हिंसा को लेकर नगांव सदर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि जांच की जा रही है।

बिन्द्रानवागढ़ सातधार मार्ग पर आवागमन बाधित होने से एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पा रही गांव तक

50 लाख का रपटा टूटा, दर्जनों गांवों का संपर्क कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ सातधार मार्ग पर रपटा पुल बारिश के कारण ढह जाने से दर्जनों गांवों का संबंध कट गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 18 वर्ष पूर्व करीब 50 लाख की लागत से बनाया गया था। रपटा पुल के क्षतिग्रस्त होने से रोजाना स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के तेज बहाव और टूटे हुए रास्ते के कारण लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को ⏭शेष पेज 3 पर

अलग खबर



आवागमन पूरी तरह बंद: कार्यपालन अभियंता

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता राहुल चंद्राकर ने बताया यह रपटा बारिश में धंस गया आवागमन पूरी तरह बंद है। दोनों तरफ जिला प्रशासन के नाम से चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया गया है। पुल रपटा का निर्माण विभाग या ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था, यह फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।



क्षतिग्रस्त होने की दी थी सूचना, पर नहीं दिया गया ध्यान: सरपंच

ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच कृष्णकुमार नाग ने बताया इस पुल का निर्माण लगभग 18 वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग द्वारा 50 लाख से अधिक की लागत से बनाया गया था। पुल धीरे धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा था जिसकी शिकायत करने के बावजूद विभाग द्वारा सुधार नहीं किया गया। लगातार बारिश में एक सप्ताह पूर्व यह पुल धस गया, जिससे इस क्षेत्र के दर्जनों ग्राम, पाराटोला के हजारो लोगों का आवागमन अवरूद्ध हो गया है। यहां बड़े पुल निर्माण की आवश्यकता है।

खबर संक्षेप

खुले बिजली तार पर हाईकोर्ट ने शासन से मांगी रिपोर्ट

बिलासपुर। खेतों और परिसरों में फैले जर्जर व खुले बिजली तारों तथा अवैध विद्युत फेंसिंग से लगातार हो रही मौतों को लेकर हाई कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज की है। कोर्ट ने शासन से मामले में शपथ पत्र मांगा था। इसके साथ ही कार्ययोजना बनाने की बात कही थी। इससे पहले सीएसपीडीसीएल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चरणबद्ध तरीके से खंभों से केबल हटाए जा रहे हैं और अब केवल तीन हजार खंभों से ही केबल हटाना बाकी है। कोर्ट में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश भर में कुल 2 लाख 83 हजार बिजली खंभों की जांच की गई। इनमें से लगभग 50 हजार खंभों में टीवी केबल लगे पाए गए थे। हाईकोर्ट ने मामले में शासन से ताजा रिपोर्ट पेश करने कहा है। जिसमें यह बताना होगा कि बिजली ढांचे के निरीक्षण और रखरखाव की व्यवस्था क्या है, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन-से सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं तथा लापरवाही तय करने की प्रक्रिया क्या है। यह भी स्पष्ट करना होगा कि राज्य में इस संबंध में कोई व्यापक नीति या स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (लागू है या नहीं) यदि नहीं है तो उसे तैयार करने और लागू करने की समयबद्ध कार्ययोजना भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।

भालुओं का आतंक, रात में घरों के तोड़ रहे दरवाजे

कांकेर। जंगल से निकलकर आबादी की ओर पहुंच रहे भालुओं ने डुमाली गांव के ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है। अब भालुओं का डर सिर्फ खेत-खलिहान तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि वे देर रात ग्रामीणों के घरों तक पहुंचकर दरवाजे तोड़ने लगे हैं। बीती रात एक बार फिर भालू ने दुर्गेश यादव के घर का दरवाजा तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भालुओं की लगातार बढ़ती आवाजाही के कारण लोग शाम ढलने के बाद घर से बाहर निकलने में भी डरने लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार डुमाली में भालुओं के घरों तक पहुंचने की यह पहली घटना नहीं है।

शहरी क्षेत्र में 5 नए उपपंजीयक दफ्तर खोले जाएंगे

पंजीयन दफ्तर की मुख्य नई बिल्डिंग में बैठेंगे 8 उपपंजीयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जमीन की रजिस्ट्री कराने में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए रायपुर नगर निगम तथा इससे लगे शहरी क्षेत्रों में 5 और नए उपपंजीयक दफ्तर खोले जाएंगे। दो दफ्तर बेबीलॉन टॉवर और विधानसभा रोड स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में पहले ही खुल चुके हैं। इसके अलावा अन्य 5 दफ्तरों के लिए कमल विहार, टाटीबंध, बिरगांव, धरसींवा क्षेत्र में भवनों की तलाश की जा रही है।कलेक्टोरेट परिसर में पांचमंजिला नई पंजीयन बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसका आगामी कुछ महीनों में लोकार्पण होना है। विभागीय अधिकारी के अनुसार इस बिल्डिंग में पंजीयक के अलावा 8 उपपंजीयक बैठेंगे, वहीं अन्य सभी उपपंजीयक दफ्तरों में 1-1 उपपंजीयक बैठेंगे। इस तरह शहरी क्षेत्र में कुल 15 उपपंजीयक अपनी सेवाएं देंगे।

खास खबर

पुराने दफ्तर में 5 उपपंजीयक नई बिल्डिंग में 3 बढ़ेंगे

कलेक्टोरेट स्थित मुख्य रजिस्ट्री दफ्तर में पंजीयक के अलावा 5 उपपंजीयक है। इन उपपंजीयकों द्वारा ही रजिस्ट्री की जा रही है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि, गणेश चतुर्थी, अक्षय तृतीया, दीपावली जैसे त्योहारी सीजन के अलावा क्लोजिंग माह मार्च के दिनों में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री कराने लोग पहुंचते हैं। इस कारण इन दिनों सर्वर की समस्या भी रहती है, जिससे कभी-कभी प्रतिदिन लगने वाले आवेदनों के अनुसार रजिस्ट्री पूरी नहीं हो पाती है तथा शेष बची रजिस्ट्री के लिए दोबारा अपॉइंटमेंट की तारीख दी जाती है। ऐसे में 5 उपपंजीयक कोर्ट भी कम पड़ते हैं। इसे देखते हुए अब नई बिल्डिंग में 8 उपपंजीयकों को बिठाने की प्लानिंग पंजीयन विभाग द्वारा की जा रही है।



मिलेगी सुविधा समय की बचत भी

रायपुर शहर क्षेत्र में 5 और नए उपपंजीयक दफ्तर खोलने की तैयारी है। इसके लिए भवन की तलाश की जा रही है। दो उपपंजीयक दफ्तर सड़्ड और विधानसभा रोड में पहले ही खुल चुके हैं। नई रजिस्ट्री बिल्डिंग में 8 उपपंजीयक बैठेंगे। इस तरह शहरी क्षेत्र में 15 उपपंजीयकों के माध्यम से रजिस्ट्री होगी। इससे लोगों को सुविधा एवं समय की बचत होगी।
- **विनोज कोचे**, पंजीयक रायपुर

नई बिल्डिंग सहित उपपंजीयक दफ्तर खुलने से समय की होगी बचत

पुराने रजिस्ट्री भवन के बगल में बनी पांचमंजिला नई बिल्डिंग को सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। इस बिल्डिंग में 8 उपपंजीयकों के बैठने से रजिस्ट्री में लगने वाला समय की काफी बचत होगी। इसके अलावा 5 और नए उप पंजीयक दफ्तरों के खुलने से कलेक्टोरेट स्थित मुख्य रजिस्ट्री भवन पर दबाव भी कम पड़ेगा। लोग भी अपने क्षेत्र में खुलने वाले उपपंजीयक दफ्तर में ही रजिस्ट्री कराएंगे। इससे कलेक्टोरेट तक आने-जाने में लगने वाले समय की बचत होगी।

समाज : मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरा गांव छावनी में तब्दील

बड़ातेवड़ा में धर्मांतरण की आशंका से तनाव, रातभर पुलिस की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम बड़ेतेवड़ा में बीती रात जन्मदिन समारोह उस वक्त तनाव का कारण बन गया, जब घर के भीतर धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधि होने की आशंका की खबर गांव में फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण तीर धनुष व टंगिया लेकर संबंधित घर के बाहर पहुंच गए और उसे चारों ओर से घेर लिया। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन और पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचना पड़ा। देर रात तक अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। एहतियातन पूरे गांव में पुलिस बल तैनात रहा और रातभर गांव पुलिस निगरानी में रहा। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ेतेवड़ा में पूर्व सरपंच राजमन सलाम के भाई रामलाल सलाम के घर में परिवार के एक सदस्य का जन्मदिन मनाया जा रहा था।

- एसडीएम व पुलिस बल की समझाइश के बाद शांत हुआ मामला

इसी दौरान कुछ ग्रामीणों को संदेह हुआ कि जन्मदिन समारोह की आड़ में घर के भीतर ईसाई समाज की प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है। इसकी जानकारी गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घर के आसपास एकत्रित हो गए। हर ग्रामीण तीर धनुष व टंगिया लेकर पहुँचे थे। घटना की खबर मिलते ही और मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक पुलिस बल के साथ देर रात बड़ेतेवड़ा पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी आपत्तियां सुनीं तथा उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी।

एसडीएम ने लिखित में दिया आश्वासन

ग्रामीणों की माँग पर एसडीएम ने लिखित में दिया कि ग्राम पंचायत बड़ेतेवड़ा के सरपंच व ग्रामीणों के शिकायत व आवेदन के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाएगा। ग्राम पंचायत के अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध भू राजस्व संहिता के प्रावधानों के अनुसार बेदखली का कार्रवाई किया जाएगा। ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सभा अपनी संस्कृति व परंपरा का परीक्षण करेगा, इनका निदान एक सप्ताह में किया जाएगा।



बड़ेतेवड़ा रात में छावनी में हुआ तब्दील

रातभर पुलिस की मौजूदगी के कारण पूरा गांव पुलिस छावनी जैसा नजर आया। प्रशासन की सक्रियता से स्थिति को बिगड़ने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी शिकायत या संदेह की स्थिति में कानून हाथ में लेने के बजाय प्रशासन को सूचना देने की अपील की।

पहले भी दफन को लेकर हुआ था विवाद

बड़े तेवड़ा गांव में धर्म और शव दफनाने को लेकर पहले भी विवाद सामने आ चुका है। कुछ माह पूर्व ईसाई समाज के शव दफनाने के मुद्दे पर ग्रामीणों और दो पक्षों के बीच विवाद बढ़कर हिंसक पथराव तक पहुंच गया था। घटना में पुलिस अधिकारियों व ग्रामीणों के घायल होने की बात सामने आई थी। पुराने विवाद के चलते गांव को संवेदनशील माना जा रहा है। इसी बीच बीती रात जन्मदिन समारोह को लेकर धर्मांतरण के संदेह ने तनाव बढ़ा दिया।

लिए थे 4.80 करोड़ रुपए, हड़प ली आधी रकम

कोल व्यवसायी से 2.39 करोड़ की ठगी, स्टील कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर



सरगुजा में कोल व्यवसायी से कारोबार करने के नाम पर 2 करोड़ 39 लाख रूपए की ठगी का मामला सामने आया है। स्टील कारोबारी ने व्यवसाय में तत्काल रुपयों की जरुरत बताकर अलग अलग फर्मों से 4 करोड़ 80 लाख ले लिए। जब रकम वापस करने की बारी आई तो आधी रकम ही वापस की गई। शेष रकम मांगने पर गाली गलौज और धमकी दी गई। मामले में शिकायत के बाद आईजी के निर्देश पर जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी स्टील कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की विवेचना जारी है।

बताया जा रहा है कि शहर के पुराना बस स्टैंड रोड निवासी राहुल गोयल जय हनुमान कोल डीपो, मारुती मिनरल्स और जय हनुमान रोड लाइंस नामक फर्मों के संचालक हैं। कारोबार के कारण उनका परिचय शहर के गोधानपुर निवासी मां शक्ति स्टील ट्रेडर्स के संचालक सुजीत जायसवाल से थी। आरोप है कि कारोबार में तत्काल रुपयों की जरुरत का हवाला देकर और सुजीत जायसवाल ने राहुल गोयल से 13 अगस्त 2021 से 25 नवंबर 2022 के बीच अलग अलग फार्मों से कुल 4 करोड़ 80 लाख 50 हजार लिए थे। स्टील कारोबारी ने कोल व्यवसायी द्वारा लिए गए रुपयों में से जय हनुमान कोल डीपो के 1 करोड़ 78 लाख और मारुती मिनरल्स के 94 लाख रूपए लौटाए जबकि 2 करोड़ 8 लाख 50 हजार रूपए की रकम बकाया थी।

परिवार को जान से मारने की धमकी

आरोप है कि जब राहुल गोयल ने शेष रकम वापस मांगी तो जमीन की रजिस्ट्री और धर्मकांटा वापस करने से इनकार कर दिया गया। इसके साथ ही गली गलौज और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। ऐसे में कोल व्यवसायी ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद आईजी दीपक झा और एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस कोतवाली पुलिस द्वारा जांच उपरान्त मामले में बीएनएस की धारा 318(4),296, 351(3), 316(5) के तहत गिरफ्तार किया गया है और मामले की विवेचना चल रही है।

12 हाथियों के दल के बीच पहुंचा युवक, हमले में मौत

रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल के कापू रेंज में जंगली हाथियों की मौजूदगी के बीच एक युवक की हाथी के हमले में मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कराया और मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि प्रदान की। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक कापू रेंज के 99 पीएफ क्षेत्र में इन दिनों करीब 12 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी क्षेत्र में मंगलवार शाम पीठपानी निवासी एस्तर तिर्की 24 पिता बुनाराम पहुंचा था। इस दौरान हाथियों ने उसे मार डाला।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

मंत्रालय में नौकरी व आवास दिलाने का दिया था झांसा

लाखों रुपए की ठगी करने वाली महिला सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





युवक को मंत्रालय में नौकरी व पारिजात भवन में आवास दिलाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने वाले संगठित गिरोह की मुख्य आरोपी महिला व युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मनीष साहू ग्राम भानपुरी थाना गुरूर जिला बालोद निवासी की फरवरी 2024 में रूद्री रोड स्थित एक होटल में शशिप्रभा साहू एवं अमित कुमार देवांगन से मुकालात हुई थी। इस दौरान दोनों आरोपी ने मनीष को झांसे में लेते हुए स्वयं को मंत्रालय में कार्यरत होना बताया। आरोपियों ने मनीष को छग गृह निर्माण मण्डल द्वारा पारिजात भवन में आवास का आवंटन कराने का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने मनीष को विश्वास में लेने के लिए बकायदा मंत्रालय महानदी भवन ले जाकर बाहर खड़ा कर आवंटित होने वाले आवास की कुल कीमत 14 लाख 12 हजार रूपये बताई। आरोपियों ने पीड़ित मनीष से विभिन्न बैंक खातों, फोन-पे, गूगल-पे और नकदी 9 लाख 8 हजार रूपए ऐंठ लिया। इसके अलावा आरोपियों ने पीड़ित युवक से बैंक आफ बड़ौदा व स्टेट बैंक के दो खाली हस्ताक्षरित चेक भी ले लिए। पीड़ित मनीष को ठगे जाने का अहसास होने पर उसने आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी जिस पर आरोपियों ने केवल 2 लाख 98 हजार 999 रूपए ही लौटाए। शेष बड़ी रकम को हड़प ली गई।

एसबीआई कियोस्क संचालक पर एक करोड़ से अधिक के गबन का आरोप, गिरफ्तार

कुरूद। ग्राम कोरा में एसबीआई कियोस्क संचालन के दौरान खाताधारकों से 1 करोड़ 75 हजार 717 रुपए की धोखाधड़ी, गबन और कूटरचना के मामले में भखारा पुलिस ने आरोपी केशव राम साहू (40) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कियोस्क सेंटर से लैपटॉप और 29 हितग्राहियों के फिक्स डिपॉजिट बॉन्ड पेपर जब्त किए हैं। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय कुरूद में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार एनआईसीटी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के जिला प्रबंधक जुगलकिशोर निवासी चरमुड़िया थाना कुरूद ने भखारा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। संस्था भारतीय स्टेट बैंक के अनुबंध के तहत ग्राहक सेवा केंद्र संचालित कराती है। इसी व्यवस्था के अंतर्गत केशवराम साहू को ग्राम कोरा में कियोस्क संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

विशेषज्ञता : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

रायपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 25, अंक : 63 | पृष्ठ : 12+4+4+8=28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



कर लो दुनिया मुट्ठी में...छत्तीसगढ़ की महिलाओं के हाथों में पांच साल में बढ़े 7.1 फीसदी मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किसी जमाने में जब रिम के मोबाइल फोन लांच हुए थे तो उसके लिए टैगलाइन रखी गई, कर लो दुनिया मुट्ठी में। ये स्लोगन अब से 23 साल पहले काफी चर्चा में रहा। देर-सबेर या करीब ढाई दशक बाद अब ये लाइन कम से कम छत्तीसगढ़ की महिलाओं के मामले में खरी उतर रही है। दरअसल राज्य में पिछले पांच साल में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं की इस डिजिटल पहुंच का दायरा पिछले कुछ वर्षों में ⏭शेष पेज 5 पर

अलग खबर



- राज्य की महिलाओं की डिजिटल पहुंच का दायरा बढ़ा
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट से सामने आई तस्वीर

बैंक खाता भी, लेकिन मोबाइल की पहुंच उससे पीछे

महिलाओं की आर्थिक और डिजिटल पहुंच को साथ देखने पर एक और दिलचस्प तस्वीर सामने आती है। एनएफएचएस-6 में छत्तीसगढ़ की 15-49 वर्ष की 93.4 फीसदी महिलाओं के पास ऐसा बैंक या बचत खाता है, जिसे वे खुद इस्तेमाल करती हैं।एनएफएचएस-5 में यह अनुपात 80.3 फीसदी था, यानी बैंकिंग पहुंच के इस संकेतक में 13.1 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई। इसके पीछे ये वजह भी हो सकती है कि राज्य में महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना संचालित है। इस योजना में शामिल होने के लिए महिलाओं के पास बैंक खाता होना जरूरी है।

गांव और शहर की कहानी अलग

डिजिटल पहुंच में सबसे बड़ा अंतर ग्रामीण और शहरी महिलाओं के बीच दिखाई देता है। एनएफएचएस-6 में छत्तीसगढ़ की 15-49 वर्ष की महिलाओं में अपना मोबाइल इस्तेमाल करने वाली महिलाओं का अनुपात शहरी क्षेत्रों में 71 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 41.5 फीसदी था, यानी दोनों के बीच 29.5 प्रतिशत अंक का अंतर है। एनएफएचएस-5 में अपना मोबाइल इस्तेमाल करने वाली ग्रामीण महिलाओं का अनुपात 34 फीसदी था, जो एनएफएचएस-6 में बढ़कर 41.5 फीसदी हुआ। शहरी महिलाओं में यह 61.2 फीसदी से बढ़कर 71 फीसदी हुआ, यानी दोनों क्षेत्रों में वृद्धि हुई, लेकिन ग्रामीण और शहरी महिलाओं के बीच काफी अंतर बना हुआ है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन **कल** के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

एएनटीएफ प्रमुखों का सम्मेलन आज से

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) के प्रमुखों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसमें 'मादक पदार्थ नियंत्रण दृष्टिकोण पत्र (2026-29)' के तहत हुई प्रगति और देश में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की जाएगी।



राष्ट्रीय युवा लेखक प्रतियोगिता शुरू

नई दिल्ली। प्रकाशन संस्थान 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' ने 'राष्ट्रीय युवा लेखक प्रतियोगिता' (एनवाईसी) के दूसरे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की। यह कक्षा पांचवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए लघु कहानी लेखन की एक वैश्विक प्रतियोगिता है। प्रकाशन संस्थान 'पीआरएचआई' द्वारा शिक्षा से जुड़ी कंपनी 'बिग रेड एजुकेशन' के साथ मिलकर आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत की नयी पीढ़ी के युवा कहानीकारों की खोज करना।

37 साल पुराना डिजिटल संचार आयोग भंग

नई दिल्ली। सरकार ने दूरसंचार विभाग में करीब 37 साल पहले गठित शीर्ष अंतर-विभागीय निर्णय लेने वाले निकाय डिजिटल संचार आयोग को भंग करने की अधिसूचना जारी की है। यह निकाय 1989 में दूरसंचार आयोग के नाम से गठित किया गया था और 2018 में इसका नाम बदलकर डिजिटल संचार आयोग कर दिया गया था।



क्रिकेट खेलते समय सीने में दर्द, मौत

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले के महवा इलाके में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलते समय सीने में दर्द की शिकायत के बाद 25 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। यह घटना रविवार शाम समलेटी गांव में हुई। मृतक की पहचान रामराज मीणा के रूप में हुई है। रामराज ने क्रिकेट खेलते समय सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उसके दोस्तों ने उसे महवा अस्पताल पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, जयपुर ले जाते समय रामराज की रास्ते में मौत हो गई।

बलरामपुर में सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत, कांकेर में केवल 67 फीसदी

मानसून की विदाई का दौर, 13 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश, सात जिलों में 50 से 80 फीसदी

छत्तीसगढ़ में इस साल मानसून की बारिश लगभग पूरी होने के बाद अब इस मौसम की विदाई की बेला है। राज्य के 33 जिलों में बारिश के आंकड़ों पर नजर डालने से एक दिलचस्प तस्वीर सामने आई है, जो यह बताती है कि बरसात तो जमकर हुई, लेकिन बारिश का वितरण समान नहीं है। राज्य के 13 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई तो वहीं 7 जिलों में 50 से लेकर 80 फीसदी बारिश हुई है। जाहिर है कि यह बारिश का असमान वितरण है। इसका असर आने वाले समय में खरीफ सीजन की पूरी खेती-किसानी पर नजर आ सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कृषि विभाग के अनुसार, 21 सितंबर 2026 तक जारी रिपोर्ट के मुताबिक, राज्यभर में इस अवधि में कुल औसत वर्षा 1005.2 मिलीमीटर (मिमी) दर्ज की गई है, जो बीते 10 वर्षों के औसत (1050.8 मिमी) का लगभग 96 प्रतिशत है। प्रदेश के सभी 33 जिलों में बारिश का वितरण अलग-अलग रहा है, जहां कुछ जिलों में पानी की कमी दिखी, वहीं कई जिलों में झमाझम बारिश से रिकॉर्ड बने हैं।

हरिभूमि सरोकार



किस संभाग और जिले में क्या रही स्थिति?

50 से 80 प्रतिशत वर्षा वाले जिले 7 जिले : राज्य के 7 जिलों में मानसूनी बारिश 50.1 से 80 प्रतिशत के बीच सिमट कर रह गई। इनमें सरगुजा (76%), जशपुर (80%), कबीरधाम (81%), मोहला-मानपुर (70%), बेमेतरा (74%), बस्तर (81%), कोंडागांव (81%), सुकमा (71%) और बीजापुर (74%) जैसे जिले शामिल हैं।

80 से 100 प्रतिशत वर्षा वाले जिले (13 जिले)

प्रदेश के 13 जिलों में बारिश का यह आंकड़ा 80.1 से 100 प्रतिशत के बीच यानी सामान्य के करीब दर्ज किया गया। इसमें कोरिया (96%), बिलासपुर (95%), रायगढ़ (87%), सक्ती (95%), कोरबा (96%), गौरेला-पेण्ड्रा (90%), दुर्ग (98%), राजनांदगांव (93%), खैरागढ़ (91%), दंतेवाडा (88%), कांकेर (67%), और सरगुजा संभाग के कुछ अन्य हिस्से शामिल हैं।

बीते 10 वर्षों के औसत से तुलना

दीर्घकालिक रुझान को देखें तो छत्तीसगढ़ में पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि में औसत वर्षा 1050.8 मिमी रही है। इसकी तुलना में इस वर्ष राज्य की औसत वर्षा 1005.2 मिमी (96%) पर पहुंची है। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 1030.9 मिमी था। हालांकि कुल औसत थोड़ा कम जरूर है, लेकिन राज्य के एक तिहाई से अधिक (13) जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण खेती-किसानी और जलस्रोतों को अच्छी राहत मिली है।

100 प्रतिशत से अधिक (बंपर) बारिश वाले 13 जिले

राज्य के 13 जिलों में बादलों ने जमकर मेहरबानी दिखाई है और यहां 101 प्रतिशत से अधिक बारिश दर्ज की गई है। जिन 13 जिलों में 100 प्रतिशत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है, वहां के आंकड़े काफी चौंकाने वाले हैं। बलरामपुर जिलाः यहां सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई, जो राज्य में सर्वाधिक है। सारंगढ़ जिलाः यहां औसत से काफी ऊपर 136 प्रतिशत पानी गिरा है। रायपुर जिलाः राजधानी और आसपास के क्षेत्र में 125 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है। मनेन्द्रगढ़ जिलाः यहां भी मानसूनी गतिविधियों के चलते 122 प्रतिशत बारिश रिकॉर्ड हुई है। इसके अलावा सूरजपुर में 111%, गरियाबंद में 115%, महासमुंद में 119%, धमतरी में 104%, मुंगेली में 110%, जांजगीर में 102%, बालोद में 106% और नारायणपुर में 109% बारिश दर्ज की गई है।

साय ने कहा- मां का सम्मान हमारी संस्कृति और संस्कारों का आधार



विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया में साझा की भावुक कविता, राहुल गांधी को बिना नाम लिए नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां के प्रति सम्मान और भारतीय संस्कृति में मां के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। मुख्यमंत्री ने किसी राजनीतिक व्यक्ति का नाम लिए बिना ही अपने संदेश के माध्यम से मां के प्रति सम्मान और मर्यादा बनाए रखने की सीख दी है। उन्होंने यह संदेश ऐसे समय साझा किया है, जब इंदौर में हुए 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में एक कॉमेडी प्रस्तुति को लेकर राजनीतिक विवाद चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने इसके साथ अपनी भावनाओं को कविता की पंक्तियों में अभिव्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट ⏭शेष पेज 5 पर

मां की महिमा बताई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मां की महिमा और सम्मान को समर्पित संदेश सामने आया है। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय मां के प्रति भारतीय समाज की श्रद्धा, संवेदना और संस्कार को केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री ने स्व. कवि ओम व्यास की मां पर केंद्रित प्रसिद्ध काव्य रचना का वीडियो भी साझा किया। मां के त्याग, ममता, वात्सल्य और संतान के जीवन में उनके अतुलनीय स्थान को अभिव्यक्त करती यह रचना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

मां को सर्वोच्च स्थान

मुख्यमंत्री के संदेश का भाव स्पष्ट है कि मां केवल एक संबंध नहीं, बल्कि ममता, करुणा, त्याग और संस्कार का स्वरूप है। भारतीय संस्कृति में मां को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और उनका सम्मान सामाजिक एवं सांस्कृतिक मर्यादा का अभिन्न हिस्सा है। वैचारिक अथवा राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन मां के प्रति सम्मान की मर्यादा सदैव अक्षुण्ण रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा साझा की गई पंक्तियां इसी सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करती हैं कि जिस मां के स्नेह, त्याग और संस्कारों से व्यक्ति का जीवन आकार लेता है, उसका सम्मान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

तीन साल की सजा का भी प्रावधान

फर्जी सिम, आईएमईआई से छेड़छाड़ पर 50 लाख जुर्माना



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आपके नाम पर कोई सिम कार्ड जारी है और आप उसे किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए देते हैं, तो अब आपको सावधान रहने की जरूरत है। दूरसंचार विभाग ने मोबाइल यूजर्स को सिम कार्ड और टेलीकॉम आइडेंटिफायर के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी है। दूरसंचार विभाग ने 21 सितंबर को नई एडवायजरी जारी की है। इसमें कहा है कि फर्जी आईडी से सिम खरीदने या बेचने पर या मोबाइल के आईएमईआई नंबर से छेड़छाड़ करने पर 3 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। दूरसंचार विभाग की चेतावनी सिर्फ सिम कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति को देने तक सीमित नहीं है। विभाग ने फेक डॉक्यूमेंट्स, धोखाधड़ी या किसी दूसरे व्यक्ति की पहचान का इस्तेमाल करके सिम हासिल करने से भी बचने को कहा है।

आईएमईआई नंबर बदलने को लेकर भी चेतावनी

दूरसंचार विभाग ने ने मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर और दूसरे टेलीकॉम आइडेंटिफायर से छेड़छाड़ को लेकर भी चेतावनी दी है। आईएमईआई हर मोबाइल फोन की पहचान से जुड़ा एक यूनिक नंबर होता है। इसे बदलने या छेड़छाड़ करने की कोशिश दूरसंचार अधिनियम की धारा 42 के तहत अपराध हो सकती है। इन प्रावधानों के तहत अपराध के लिए 3 साल तक की जेल, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

किराए पर सिम देने पर मूल ग्राहक भी फंसेगा

दूरसंचार विभाग ने साफ कर दिया है कि अगर आप अपने नाम से सिम खरीदकर किसी और को बेचते हैं, किराए पर देते हैं या साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल होने देते हैं, तो पुलिस केस और कानूनी कार्रवाई आपके खिलाफ भी होगी।

अपने नाम पर जारी नंबरों की ऐसे करें जांच

सबसे जरूरी बात यह है कि यूजर्स अपने नाम पर जारी सभी मोबाइल नंबरों की जांच करें। इसके लिए सरकार के संचार साथी पोर्टल और ऐप में 'नाऊ मोबाइल कनेक्शन इन यूवर नेम' सुविधा उपलब्ध है। यहां आप देख सकते हैं कि आपके नाम पर कितने मोबाइल कनेक्शन एक्टिव हैं। अगर कोई ऐसा नंबर दिखाई देता है जिसे आपने नहीं लिया है या जिसकी जरूरत नहीं है, तो उसे रिपोर्ट करने की सुविधा भी मौजूद है।

टीम ने भिलाई के मकान में लगाया ताला

सूर्यकांत तिवारी के मकान को आयकर विभाग ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/ भिलाई

कोल घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी के भिलाई, कोहका स्थित ए-1 सूर्या रेजिडेंसी मकान को आयकर विभाग की टीम ने सील कर अपने कब्जे में ले लिया। मकान कुर्क करने की कार्रवाई सोमवार दोपहर को की गई। आईटी की टीम ढोल-नगाड़े के साथ मकान कुर्क करने पहुंची थी। आयकर विभाग की टीम ने जिस मकान को कुर्क किया है, वह दो सौ वर्गमीटर का है। मकान में निवासरत मनीष उपाध्याय को आईटी की टीम ने पूर्व में मकान खाली करने नोटिस जारी किया था। नोटिस जारी होने के बाद मनीष ने मकान खाली ⏭शेष पेज 5 पर



लोकेशन डेटा का गलत इस्तेमाल

गूगल पर 46.3 करोड़ डॉलर का लगा जुर्माना

डबलिन। गूगल पर उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा को उचित तरीके से नहीं संभालने के कारण यूरोपीय संघ के सख्त निजता नियमों के उल्लंघन के लिए 46.3 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। आयरलैंड के डेटा संरक्षण आयोग ने कहा कि जांच में पाया गया कि गूगल ने 'वेब एंड ऐप एक्टिविटी' सेटिंग में उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा का कानून के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से प्रसंस्करण नहीं किया।



यूरोपीय संघ का चौथा जुर्माना

आयरिश डेटा संरक्षण आयोग के उपायुक्त ग्राहम डॉयल ने कहा, लोकेशन डेटा लोगों के लिए फायदेमंद होने के साथ नुकसानदेह भी है। यह ऑनलाइन सेवाओं की उपयोगिता बढ़ा सकता है, लेकिन इससे किसी व्यक्ति के बारे में काफी जानकारी भी सामने आ सकती है।

जैतूसाव मठ का मामला

पुजारी भगवान की संपत्ति का स्वतंत्र मालिक नहीं बन सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने श्री ठाकुर रामचंद्र जी स्वामी जैतूसाव मठ पब्लिक ट्रस्ट, रायपुर की संपत्तियों के राजस्व रिकॉर्ड में कलेक्टर का नाम मैनेजर/सर्वराकार के रूप में दर्ज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में की गई यह प्रविष्टि ⏭शेष पेज 5 पर



पांच साल से अधिक की देरी से दाखिल हुई याचिका

हाईकोर्ट ने कहा कि राजस्व प्रविष्टि से ट्रस्ट के प्रबंधन अथवा सर्वराकार पद पर याचिकाकर्ता के अधिकार का अंतिम फैसला नहीं हुआ है। यदि सक्षम न्यायालय या प्राधिकारी के समक्ष याचिकाकर्ता अपना अधिकार साबित करता है तो ⏭शेष पेज 5 पर

586 करोड़ की डील, टैंकों में लगेंगे स्वदेशी पावर यूनिट

टी-72 और टी-90, जंग के मैदान में बिना आवाज करेंगे शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के टी-72 और टी-90 टैंकों की ऑपरेशनल क्षमता को मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 586 करोड़ रुपए का बड़ा करार किया है। इस करार के तहत इन दोनों टैंकों के लिए स्वदेशी ऑक्जिलरी पावर यूनिट यानी एपीयू खरीदे जाएंगे। एपीयू टैंक की कई अहम प्रणालियों को बिजली उपलब्ध कराने का काम करता है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, स्वदेशी एपीयू को शामिल करने से सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की तैयारियों, विश्वसनीयता और लंबे समय तक संचालन की क्षमता को मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने 21 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में एक्यूरेट ⏭शेष पेज 5 पर

टी-72 और टी-90 टैंकों में एपीयू का काम क्या होगा

एपीयू टैंक में बिजली पैदा करने का एक वैकल्पिक स्रोत है। इसका इस्तेमाल फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट और गन स्टेबलाइजेशन सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों के लिए किया जाता है। इसके अलावा टैंक की दूसरी सहायक प्रणालियों को भी एपीयू से बिजली मिल सकती है। इन प्रणालियों के लगातार और भरोसेमंद तरीके से काम करने के लिए बिजली की जरूरत होती है। ऐसे में एपीयू टैंक की संचालन क्षमता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



करार से सेना को क्या फायदा

स्वदेशी एपीयू को टैंकों में शामिल करने से भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की ऑपरेशनल रेडिनेस मजबूत होगी। साथ ही टैंकों की विश्वसनीयता और सस्टेनेबिलिटी यानी लंबे समय तक प्रभावी तरीके से काम करने की क्षमता में सुधार होगा।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

इस करार को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। मंत्रालय के अनुसार, यह मेक-2 व्यवस्था के तहत उद्योग के नेतृत्व में शोध और विकास से तैयार तकनीक को वास्तविक रक्षा उत्पादन तक पहुंचाने का उदाहरण है। इसका मतलब है कि देश में विकसित तकनीक केवल परीक्षण या विकास तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसे सेना के इस्तेमाल के लिए उत्पादन और शामिल करने की प्रक्रिया में लाया जा रहा है। इससे महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों में घरेलू क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

चिंतन

नकल रोकना अपराध नहीं पर छात्रों को बचाना जरूरी

आईआईटी बॉम्बे में एक छात्र की आत्महत्या ने देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था के सामने ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनसे आंखें चुराना अब संभव नहीं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि एक छात्र परीक्षा में मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए क्यों पकड़ा गया और उसके बाद उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों को केवल सफल होना सिखाया है, असफलता को स्वीकार करना नहीं? और दूसरा सवाल इससे भी ज्यादा सीधा है, अगर कोई शिक्षक परीक्षा में नकल रोकता है तो आखिर उसकी गलती क्या है? परीक्षा कक्ष में नियम लागू करना शिक्षक की जिम्मेदारी है। यदि किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल पाया जाता है या वह अनुचित तरीके से उत्तर हासिल करने का प्रयास करता है तो शिक्षक का उसे रोकना स्वाभाविक है। आईआईटी बॉम्बे के मामले में संस्थान का कहना है कि छात्र को परीक्षा के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करते पाया गया था और उसके खिलाफ तत्काल कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। संस्थान के अनुसार शिक्षक और विभागाध्यक्ष ने उससे बात की थी और उसे यह भरोसा दिलाया गया था कि इस घटना का उसके करियर पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद छात्र की आत्महत्या ने पूरे कैंपस को हिला दिया। घटना के बाद सैकड़ों छात्र विरोध में उतर आए और परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं। यहां एक बेहद महत्वपूर्ण अंतर को समझना होगा। किसी शिक्षक द्वारा नकल पकड़ना एक बात है और उसके व्यवहार में अनुचितता का आरोप दूसरी बात। यदि शिक्षक ने छात्र के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जातिगत टिप्पणी की, अनावश्यक दबाव बनाया या नियमों से हटकर व्यवहार किया, तो उसकी जांच होनी चाहिए। परिवार ने ऐसे आरोप लगाए हैं और संस्थान ने जातिगत भेदभाव के आरोपों से इनकार किया है। इन आरोपों का फैसला जांच के आधार पर होना चाहिए, भीड़ या भावनाओं के आधार पर नहीं। लेकिन इस पूरी बहस में एक खतरनाक संदेश नहीं जाना चाहिए कि किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ना ही शिक्षक की गलती है। लेकिन यहीं से कहानी का दूसरा और अधिक गंभीर पक्ष सामने आता है। आखिर इतनी छोटी असफलता इतनी बड़ी क्यों बन रही है? एक परीक्षा में पकड़ा जाना, एक विषय में फेल होना, कम अंक आना या किसी नियम का उल्लंघन करना। ये जीवन की कठिन परिस्थितियां हो सकती हैं, लेकिन जीवन का अंत नहीं। शिक्षा व्यवस्था को अपना नजरिया बदलना होगा। काउंसलिंग केवल उस समय नहीं होनी चाहिए जब कोई विद्यार्थी संकट में पहुंच जाए। नियमित मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग को शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आईआईटी बॉम्बे सहित कई उच्च शिक्षण संस्थानों में काउंसलिंग और वेलनेस की व्यवस्थाएं पहले से मौजूद हैं। लेकिन अब जरूरत इन सेवाओं को नियमित छात्र-जीवन का हिस्सा बनाने की है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि मानसिक स्वास्थ्य के नाम पर अनुशासन खत्म कर दिया जाए। नकल को नकल ही कहा जाना चाहिए। नियम तोड़ने पर उचित कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन कार्रवाई और अपमान में फर्क है। अनुशासन और प्रताड़ना में अंतर है। गलती बताने और विद्यार्थी को तोड़ देने में भी फर्क है। शिक्षक का काम नियम लागू करना है। संस्थान का काम नियमों के साथ निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।



सियासत

ओमकार चौधरी

कांग्रेस के कृत्य भी याद करें राहुल

राहुल गांधी के "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" वाले आरोप ने तृणमूल कांग्रेस के नाम-चिह्न विवाद को व्यापक राजनीतिक बहस में बदल दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के दावों के कारण अंतिम निर्णय तक मूल नाम और चिह्न पर रोक लगाई गई है। लेकिन इस बहस को केवल मौजूदा विवाद तक सीमित रखना इतिहास को अधूरा पढ़ना होगा। भारतीय राजनीति में दलों का विभाजन, समर्थन वापसी, गठबंधन और अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल लंबे समय से सत्ता-संघर्ष का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस समेत सभी दलों के अतीत को तथ्यों की कसौटी पर परखना जरूरी है।

राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव-चिह्न पर चुनाव आयोग की अंतरिम रोक के बाद भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पहले शिवसेना, फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अब तृणमूल कांग्रेस हर बार एक ही तरीका अपनाया गया: पार्टी तोड़ी गई, चुनाव-चिह्न पर कब्जे की लड़ाई खड़ी हुई और जनता के जनादेश को पलटने का प्रयास हुआ। उन्होंने इसे "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" की भाषा में व्यक्त किया। चुनाव आयोग का पक्ष अलग है। आयोग का कहना है कि तृणमूल के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों ने पार्टी के नाम और चुनाव-चिह्न पर दावा किया, इसलिए अंतिम निर्णय तक दोनों को मूल नाम और चिह्न के उपयोग से रोका गया।

राहुल का आरोप राजनीतिक रूप से तीखा है और इसकी जांच वर्तमान तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। लेकिन जब कांग्रेस स्वयं विपक्षी दलों की सरकारें गिराने, दलों में विभाजन कराने या जनादेश पलटने की राजनीति का आरोप लगाती है, तब उसके अपने लंबे राजनीतिक इतिहास की समीक्षा भी जरूरी हो जाती है। इतिहास यह बताता है कि भारत में सत्ता की राजनीति, गठबंधन तोड़ने, समर्थन वापस लेने और अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल का सिलसिला किसी एक दल तक सीमित नहीं रहा। मगर कांग्रेस का रिकॉर्ड इसलिए विशेष रूप से चर्चा में आता है, क्योंकि उसने दशकों तक केंद्र की सत्ता संभाली और इसी दौरान अनुच्छेद 356 का सबसे व्यापक इस्तेमाल हुआ। सबसे शुरुआती चर्चित उदाहरण 1959 का केरल है। जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के नेतृत्व में निर्वाचित कम्युनिस्ट सरकार सत्ता में थी। राजनीतिक आंदोलन और कानून-व्यवस्था के सवालों के बीच केंद्र ने अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर सरकार बर्खास्त कर दी। यह स्वतंत्र भारत में किसी निर्वाचित विपक्षी राज्य सरकार को हटाने के शुरुआती बड़े उदाहरणों में से एक था। उपलब्ध अभिलेख बताते हैं कि नेहरू सरकार 1959 तक अनुच्छेद 356 का छह बार उपयोग कर चुकी थी। इसके बाद इंदिरा गांधी के दौर में राष्ट्रपति शासन का इस्तेमाल कहीं बड़े पैमाने पर हुआ। 1967 से 1969 के बीच ही अनुच्छेद 356 सात बार लगाया गया। 1970 से 1974 के बीच राष्ट्रपति शासन 19 बार लगाया गया। यह वह दौर था जब राज्यों में गैर-कांग्रेसी गठबंधन उभर रहे थे, दल-बदल बढ़ रहा था और कांग्रेस के केंद्रीय वर्चस्व को चुनौती मिल रही थी। लेकिन सबसे उल्लेखनीय घटना फरवरी 1980 की है। इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में लौटीं और इसके तुरंत बाद नौ गैर-कांग्रेसी राज्यों की विधानसभाएं भंग कर दी गईं। ये राज्य थे। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु। गृह मंत्रालय के आधिकारिक अभिलेख में भी 17 फरवरी 1980 को इन नौ राज्यों में अनुच्छेद 356 लागू कर विधानसभाएं भंग किए जाने का विवरण दर्ज है।

इतिहास की निष्पक्षता के लिए यह भी जोड़ना जरूरी है कि 1977 में जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी सत्ता में आते ही कई कांग्रेस-शासित राज्यों की सरकारें हटाई थीं। 1980 की कार्रवाई को उसी राजनीतिक परंपरा की उलटी प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा गया। कांग्रेस के राजनीतिक हस्तक्षेप का एक अलग उदाहरण 1979 का है। चरण सिंह प्रधानमंत्री बने थे और उनकी सरकार



कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर निर्भर थी। विश्वास मत से पहले इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाले कांग्रेस समूह ने समर्थन वापस ले लिया। चरण सिंह लोकसभा में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा देने को मजबूर हुए। यह अनुच्छेद 356 का मामला नहीं था, लेकिन समर्थन देकर सरकार बनवाने और फिर समर्थन वापस लेकर सत्ता संकट खड़ा करने का स्पष्ट उदाहरण था। 1989 में कर्नाटक की एस.आर. बोम्मई सरकार की बर्खास्तगी ने इस पूरे प्रश्न को संवैधानिक मोड़ दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार ने बहुमत खोने की राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा और 1994 में नौ न्यायाधीशों की पीठ ने ऐतिहासिक फैसला दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति की कार्रवाई न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं है और इस शक्ति का इस्तेमाल केंद्र में सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक हितों के लिए नहीं किया जा सकता। 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकारें बर्खास्त कर दीं। उत्तर प्रदेश में घटनाक्रम अलग था, क्योंकि मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पहले इस्तीफा दिया था और उसके बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया। फिर भी 1992-93 की कार्रवाई अनुच्छेद 356 के राजनीतिक इस्तेमाल पर होने वाली बहस का प्रमुख हिस्सा बनी। केंद्र की राजनीति में 1999 का वाजपेयी सरकार प्रकरण अक्सर कांग्रेस के खिलाफ उदाहरण के रूप में दिया जाता है। यहां तथ्यों को ठीक क्रम में रखना जरूरी है। संकट तब शुरू हुआ जब जयललिता की अन्नाद्रमुक, जिसके 18 सांसद थे, ने वाजपेयी सरकार से समर्थन वापस लिया। राष्ट्रपति के निर्देश पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विश्वास मत मांगा और 17 अप्रैल 1999 को प्रस्ताव 269 के मुकाबले 270 मतों से पराजित हुआ। 2018 के कर्नाटक चुनाव ने गठबंधन राजनीति का नया उदाहरण दिया। भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनी, लेकिन बहुमत से आठ सीट पीछे थी। कांग्रेस को 78 और जेडी(एस) को 37 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने जेडी(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी को समर्थन दिया और दोनों दलों ने सरकार बनाई। यह पूरी तरह संवैधानिक चुनाव-बाद गठबंधन था, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से भाजपा ने इसे सबसे बड़े दल को सत्ता से दूर रखने की रणनीति बताया। 2019 के महाराष्ट्र चुनाव में स्थिति और जटिल थी। भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों चुनाव-पूर्व गठबंधन में थे और संयुक्त संख्या स्पष्ट बहुमत से ऊपर थी। राहुल आज "वोट चोरी, सरकार चोरी और पार्टी चोरी" की बात कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का अपना इतिहास भी सत्ता-समीकरण, समर्थन वापसी, अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल और चुनाव-बाद गठबंधन की राजनीति से खाली नहीं है। 1959 का केरल, 1980 के नौ राज्य, 1992 की भाजपा सरकारें, 1979 में चरण सिंह, 2018 का कर्नाटक और 2019 का महाराष्ट्र ये सभी घटनाएं इस राजनीतिक इतिहास के दस्तावेज हैं। इसलिए कांग्रेस को पूरी तरह "दूध की धुली" मानना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। इतिहास किसी एक दल को निर्दोष या दोषी घोषित करने का साधन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह याद दिलाने का माध्यम होना चाहिए कि भारतीय राजनीति में सत्ता के लिए गठबंधन, विभाजन, समर्थन-वापसी और संवैधानिक प्रावधानों के राजनीतिक इस्तेमाल की परंपरा पुरानी है और कांग्रेस भी उससे बाहर नहीं रही।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विचार

दयालदास बघेल



हर गरीब की थाली, हर घर की गरिमा और हर हाथ का योगदान ही है सेवा से संकल्प

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ अवसर केवल उत्सव के नहीं होते, वे आत्मचिंतन और संकल्प के अवसर बन जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होना ऐसा ही अवसर है। यह 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक यात्रा के वर्ष नहीं हैं, बल्कि सेवा, जनभागीदारी और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की निरंतर कोशिशों की यात्रा के रूप में देखे जाते हैं। 'सेवा संकल्प अभियान' इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की अपनी भूमिका को रेखांकित करने का अवसर है।

सेवा का अर्थ केवल किसी जरूरतमंद को सहायता देना नहीं है। सेवा वह भाव है, जिसमें हम अपने आसपास की समस्या को अपनी समस्या मानकर उसके समाधान के लिए आगे आते हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी जनभागीदारी की भावना को राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप दिया। वर्ष 2014 में प्रारंभ हुआ स्वच्छ भारत मिशन धीरे-धीरे सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़कर नागरिक सहभागिता का व्यापक अभियान बना। आज 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' की भावना इसी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ा रही है।

गंगा केवल एक नदी नहीं, भारत की आस्था, संस्कृति और सभ्यता की जीवनधारा है। नमामि गंगे के माध्यम से गंगा की स्वच्छता, घाटों के विकास, प्रदूषण नियंत्रण और जनभागीदारी को एक व्यापक मिशन से जोड़ा गया। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, श्रमदान, घाटों की सफाई और जनजागरूकता जैसे प्रयासों ने यह संदेश दिया कि नदियों की निर्मलता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष गरीब और वंचित परिवारों की गरिमा से जुड़ा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा हस्तक्षेप किया। 10 सितंबर 2026 तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.56 करोड़ से अधिक कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। यह केवल गैस कनेक्शन का आंकड़ा नहीं है; एक गरीब महिला के लिए धुएं से राहत, समय की बचत और सम्मान के साथ जीवन जीने की सुविधा भी है। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में भी गरीब परिवारों की चिंता को केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 1 जनवरी 2024 से पांच वर्षों के लिए लगभग 81.35 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस व्यवस्था के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। मेरे लिए, खाद्य विभाग से जुड़े दायित्व के कारण, इस सेवा का अर्थ और भी गहरा है- किसी गरीब परिवार की रसोई में चूल्हा जलना और उसकी थाली में भोजन पहुंचना शासन की संवेदनशीलता का सबसे प्रत्यक्ष प्रमाण है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मोदी की गारंटी के तहत किसानों से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा में 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से राज्य के 25.24 लाख किसानों से 2740 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख में टन धान की खरीदी की गई है। किसानों से धान खरीदी की राशि ऑनलाईन उनके खाते में यथाशीघ्र अंतरित की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत कुल 43723 करोड़ रूपए अंतरित किया गया है। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों की सुविधा के लिए नवीन 362 उपार्जन केन्द्र खोला गया है।

छत्तीसगढ़ ने भी इस भावना को अपनी धरती और परिस्थितियों के अनुरूप आगे बढ़ाया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राज्य में 83 लाख से अधिक राशन कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था है। खाद्य विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर राशनकार्ड, उचित मूल्य दुकानों और हितग्राहियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, जिससे खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास स्पष्ट होता है। बस्तर जैसे दूरस्थ अंचलों में सेवा का अर्थ और व्यापक हो जाता है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत दूरस्थ गांवों और जनजातीय परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने का प्रयास इस बात का उदाहरण है कि विकास का अर्थ तभी सार्थक है, जब सुविधा उस व्यक्ति तक पहुंचे, जिसके घर तक पहुंचना सबसे कठिन है। खाद्य विभाग के आधिकारिक अभिलेखों में नियद नेल्लानार क्षेत्र के गांवों में अंत्योदय सहित विभिन्न राशनकार्डधारियों को दर्ज किया गया है।

हमारे लिए 'सेवा मेरा योगदान' केवल एक अभियान का नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का नागरिक संकल्प है। कोई व्यक्ति रक्तदान करके सेवा कर सकता है, कोई नदी-घाट की सफाई में श्रमदान करके, कोई गरीब परिवार को सरकारी योजना का लाभ दिलाकर, कोई जरूरतमंद तक राशन पहुंचाने में सहयोग देकर और कोई अपने गांव-मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से मेरा यही भाव है कि सेवा की यह यात्रा जनभागीदारी की नई ऊर्जा में बदले। विकसित भारत का संकल्प तभी पूर्ण होगा, जब विकास का प्रकाश अंतिम व्यक्ति के घर तक पहुंचे, जब किसी गरीब की थाली खाली न रहे, जब किसी महिला को धुएं में जीवन न बिताना पड़े, जब गांव स्वच्छ हों, नदियां निर्मल हों और हर नागरिक यह कह सके - "राष्ट्र निर्माण में मेरा भी योगदान है।" यही सेवा है। यही संकल्प है। और यही विकसित भारत की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ का जन-जन का योगदान है।

लेखक- मंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छग शासन

यह मन का कमाल है



संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित

प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

अंतर्मन



आज की पाती

न्याय में देरी, व्यवस्था पर भारी

सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 65 लाख पार कर गई है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मामलों की है, जो वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इलाहाबाद और राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामलों का बोझ बड़ा है। बंबई, मद्रास, कर्नाटक और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की स्थिति चिंताजनक है। विडंबना यह है कि हाई कोर्ट का यह बोझ पूरे न्यायिक संकट का केवल एक हिस्सा है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। एनसीएलटी और विभिन्न न्यायाधिकरण भी मुकदमों के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं। यानी न्याय के हर मंच पर समय की कमी और मामलों की अधिकता एक साथ दिखाई दे रही है।

- संतोष ठाकुर, बिलासपुर

ट्रेंड

हनुमान अंश की टीम को बधाई



आज नई दिल्ली में बाबा नीब करौरी जी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों से भेंट की। हनुमान जी के प्रति उनकी भक्ति को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। -**अमित शाह,** गृह मंत्री

एसआईआर ने फंसाया



एसआईआर केवल वोट चोरी व लोकतंत्र को खत्म करने का औजार ही नहीं है। बल्कि ये एक फ्रेंकेस्टीन मॉन्स्टर (एक कहानी का किरदार) बन गया है, जिसने अब उसी के लोगों को फंसा दिया है। -**मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

दशहरे पर लागू होगा समझौता



हम अपनी द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में अगले महत्वपूर्ण पड़ाव को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर को 'दशहरा' के शुभ अवसर पर लागू होगा। यह न्यूजीलैंड के साथ एक मजबूत और अधिक महत्वाकांक्षी आर्थिक साझेदारी बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। -**पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

ट्रंप से अहम मुलाकात



रूस के साथ साढ़े चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए यह मुलाकात बहुत अहम है और इससे बहुत कुछ बदल सकता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बात की है। दोनों ने तय किया है कि वे अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना सत्र के दौरान मुलाकात करेंगे। -**वोलोदिमिर जेलेंस्की,** यूक्रेन के राष्ट्रपति

करंट अफेयर

अत्यधिक मजबूत प्रतिरक्षा के बावजूद लूपस से पीड़ित लोग



लूपस बीमारी से पीड़ित लोगों को अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली होने के बावजूद जीवाणु संक्रमण से निजात पाने में समस्या पेश आ सकती है। मेरी टीम और मैंने पाया कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि पुरानी और निरंतर रहने वाली सूजन ऐसे लोगों की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को भ्रमित कर देती है। एक अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली जीवाणु संक्रमण को नियंत्रित करने में विफल क्यों हो सकती है, इसे समझने के लिए हमने न्यूट्रोफिल पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूट्रोफिल ऐसी सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं जो शरीर में जीवाणु के प्रवेश करने पर सबसे पहले प्रतिक्रिया करती हैं। न्यूट्रोफिल डीएनए और रोगाणुरोधी प्रोटीन छोड़ सकते हैं, जिन्हें न्यूट्रोफिल एक्स्ट्रासेलुलर ट्रैप या 'नेट्स' कहा जाता है। ये नेट्स जीवाणु (बैक्टीरिया) को जकड़कर उनके फैलाव को सीमित कर सकते हैं और उन्हें मार सकते हैं। वैज्ञानिक अक्सर इन ट्रैप को एक समान मानते हैं, लेकिन शरीर अलग-अलग तरीकों से नेट्स बना सकता है, और वे सभी एक समान रूप से प्रभावी नहीं होते। उदाहरण के लिए, 'स्टैफिलोकोकस ऑरियस' नामक बैक्टीरिया शरीर पर हमला करता है तो लैक्टेट नाम का एक रसायन छोड़ता है। इसके बाद न्यूट्रोफिल एक जाल बनाता है, जो जीवाणुरोधी प्रोटीन से भरपूर होता है।

ऑफ बीट

नींद में क्यों बोलते हैं लोग? मनोवैज्ञानिक ने समझाया



नींद मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ माइकल आर. नाडोर्फ ने बताया कि उन्होंने करीब दो दशक तक नींद का अध्ययन किया है। उन्हें खास तौर पर 'पैरासोमनिया' में दिलचस्पी है। यह ऐसी घटनाएं होती हैं जिनमें नींद के दौरान शरीर कुछ गतिविधियां करता है या दिमाग कुछ अनुभवों से गुजरता है। इनमें बुरे सपने, नींद में चलना और नींद में बोलना शामिल हैं। नींद एक ही अवस्था नहीं है। हर रात व्यक्ति नींद के कई चरणों से गुजरता है। करीब एक चौथाई नींद 'आरईएम' यानी 'रैपिड आई मूवमेंट' (आंखों की तेज गति) चरण में होती है। इसी दौरान ज्यादातर सपने, खासकर जीवंत सपने, आते हैं। 'नॉन-आरईएम' नींद, जिसमें गहरी नींद की अवस्थाएं भी शामिल हैं, रात की कुल नींद का करीब 75 से 80 प्रतिशत हिस्सा होती है। इस दौरान शरीर की गतिविधियां काफी धीमी हो जाती हैं, जिससे उसे आराम करने और खुद की मरम्मत करने का अवसर मिलता है। डॉक्टर इन सभी चरणों को मिलाकर 'स्लीप आर्किटेक्चर' कहते हैं। ये चरण रात में लगभग हर 90 मिनट में चक्र के रूप में दोहराते हैं। सोने के तुरंत बाद नॉन-आरईएम नींद अधिक होती है, जबकि सुबह के शुरुआती घंटों में आरईएम नींद का हिस्सा बढ़ जाता है। चूहों से लेकर बिल्लियों और हाथियों तक सभी स्तनधारी किसी न किसी रूप में सोते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सूडान में फिर ढही सोने की खदान, 11 लोगों की मौत

शेंडी (सूडान)। उत्तर-पूर्वी सूडान में सोने की एक खदान की सुरंग ढहने से कम से कम 11 खनिकों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई। यह देश में सोने की अनौपचारिक खदान की सुरंग ढहने की एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना है। सूडान में इस तरह की हजारों छोटी और अनौपचारिक खदानें हैं। देश के पश्चिमी हिस्से में पिछले रविवार को सोने की एक अन्य खदान की कई सुरंगें ढहने से कम से कम 82 लोगों की मौत हो गई थी। यह इलाका अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' (आरएसएफ) के नियंत्रण में है जो तीन साल से अधिक समय से सूडानी सेना से लड़ रही है।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, (E/M) CIRCLE, BILASPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in (Online)

Online Tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D. in new Registraton System (Unified Registration System) for the following work : -

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
05/G/E-Tendering/2026 **2nd Call** System Tender No. **199628** Registered in "D" & Above Class in new registration system. Unified registration system (e-Registration)	Providing LT, HT Line Pole and X-Mer DP shifting work under Koni Section, Distt.- Bilaspur (C.G.)	92.13
06/G/E-Tendering/2026 **2nd Call** System Tender No. **199632** Registered in "D" & Above Class in new registration system. Unified registration system (e-Registration)	Providing Pole Shifting And Xmer DP for Lormi section, Distt. - Mungeli (C.G.)	98.63
09/G/E-Tendering/2026 **2nd Call** System Tender No. **199634** Registered in "D" & Above Class in new registration system. Unified registration system (e-Registration)	Providing LT, HT Line, Pole & X-mer DP shifting work under H.Q. and Seepat Section, Distt.- Bilaspur (C.G.)	97.95
Date of Online Bid Submission will be 25.09.2026.		
55/G/E-Tendering/2026 **1st Call** System Tender No. **199635** Registered in "D" & Above Class in new registration system. Unified registration system (e-Registration)	Providing CCTV Camera work in Hon'ble High Court Residential Colony Sector-3, Rahangi Bilaspur (C.G.)	17.51

Date of bid submission will be 01.10.2026, The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in**. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262703394/3

Superintending Engineer
P.W.D. (E/M) Circle Bilaspur (C.G.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांन्समिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (CIN): U40108CT2003SGC015820 GSTIN NO. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय : अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त : भिलाई–3 पता – बिजली नगर, जी0ई0रोड भिलाई–3 (छ0ग0) पिन – 490021
वेब साईट – **cspc.co.in Email** – SESSOnM.Bhilai@cspc.co.in टेली / फैक्स – 0788–2281561,
कमांक: 10–70 / वाहन / 2026 / 734 भिलाई, दिनांक: 18.09.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु निविदा आमंत्रण सूचना •

कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाऐ आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	कार्य का विवरण	आवश्यक संख्या	निविदा का मूल्य	बयाना राशि
01	कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., राजनांदगॉव के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु।	01 नग	रू. 1695.00 + 305.00 (18% जी.एस.टी.) = 2000.00 (वापसी योग्य नही)	रू. 23800.00 (वापसी योग्य)
अ	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय		दिनॉक 12 / 10 / 2026 समय 17:00 बजे तक	
ब	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय		दिनॉक 13 / 10 / 2026 समय 15:00 बजे तक	
स	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय		दिनॉक 13 / 10 / 2026 समय 16:00 बजे तक	

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है– **http:cspc.co.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र)वृत्त
छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0कं.लिमि. भिलाई–3

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्रं. 01 से 09 हेतु दिनांक 28.09.2026 एवं सरल क्रं. 10 से 17 हेतु दिनांक 08.10.2026 तक, निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्रं.	नि.आ. सू. क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	296	उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मरम्मत का कार्य। पंचम आमंत्रण। सारंगढ़ संभाग सारंगढ़। मद संख्या - 24-3054-0134	25.00
2	297	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच मरम्मत कार्य। पंचम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 24-3054-7983	24.86
3	298	रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच मरम्मत कार्य। पंचम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 24-3054-0134	50.00
4	299	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच मरम्मत कार्य। पंचम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या -24-3054-7983	24.94
5	300	Srengthning and Renewal work of janjgir Bypass (ODR) Road From Km. 1/2 to 2/4 (100M) = 1.30 Km चतुर्थ आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या- 8443- Deposit Work	77.26
6	301	B.T. Renewal Work of (1) Arjuni to Karumahu Road (V.R.) Length = 2.00 K.m. (2) Akaltara to Jarve (Khond) Road (V.R.) Length = 1.00 K.m. & (3) Strengthening of Banari App. Road (V.R.) Length = 0.70 km, Under Sub Division Janjgir-Champa. चतुर्थ आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या- 8443 Deposit Work	74.21
7	302	B.T. Renewal Work of Tarod Kirari-Dharashiva Road (M.D.R.) Length = 1.00 K.m & Upgradation Work of N.H.-49 to Arjuni App. Road (V.R.) Length 1.00 K.M. Under Sub - Division Janjgir Distt- Janjgir-Champa चतुर्थ आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या- 8443 Deposit Work	71.90
8	303	जिला रायगढ़ के छछीपाली से राजघाट मार्ग लंबाई 2.50 किमी. निर्माण कार्य। चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 24-5054-1222	179.91
9	304	जिला रायगढ़ के सियारपाली पहुंच मार्ग लंबाई 1.20 किमी निर्माण कार्य। चतुर्थ आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 24-5054-1222	119.04
10	305	जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर के प्रवेश द्वार में सिम्बालिक बोर्ड, चैनल गेट, कार्यालय भवन में मरम्मत एवं अन्य कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.1 बिलासपुर। मद संख्या - 8443 जमा मद	14.93
11	306	जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पेण्ड्रा पतगवां मार्ग लंबाई 1.20 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग पेण्ड्रा। मद संख्या - 42-5054-2457	144.07
12	307	रायगढ़ संभाग के अंतर्गत सामान्य प्रशासन तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा महाविद्यालय के रंगाई पोताई का कार्य।प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 67-2216-4489	70.00
13	308	रायगढ़ संभाग के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 67-2216-6220	20.00
14	309	रायगढ़ संभाग के अंतर्गत न्याय विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या -67-2216-2450	80.00
15	310	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग एवं अन्य विभागों के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या -67-2216-6220	25.00
16	311	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग एवं अन्य विभागों के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या - 67-2216-6220	25.00
17	312	रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत सामान्य प्रशासन विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य।प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या — 67-2216-4489	80.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

G-262703386/5

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

बिहार की घटना, 7 पर एफआईआर 3 गिरफ्तार

नाबालिग लड़की-लड़के को रोककर मारपीट, छेड़छाड़

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के जमुई से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक कोचिंग क्लास से लौट रहे एक नाबालिग लड़के और लड़की को शनिवार शाम कुछ आदमियों ने रोककर मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों आदमियों से गुज़ारिश करते दिख रहे हैं, जो कथित तौर पर लड़की को गलत तरीके से छूते हैं और उसे उठाकर भागने की कोशिश भी करते हैं। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों पर एफआईआर किया है और 3 को गिरफ्तार किया है। एक वीडियो में, लड़का स्कूटर चलाता दिख रहा है और लड़की उसके पीछे बैठी है, जबकि कई लोग उन्हें घेर लेते हैं। दोनों बार-बार ग्रुप से माफी मांगते हैं। लड़का अपने आस-पास के लोगों को बताता है कि वे एक ही स्कूल में पढ़ते हैं और घर पर सबको उनके बारे में पता है। फिर ग्रुप में से एक आदमी लड़के को थप्पड़ मारता है और कहता है, 'अगर उन्हें पता है, तो उन्हें फ़ोन करो।' एक और आदमी कहता सुनाई देता है, 'परिवार को फ़ोन करो।'

राहुल सहित विपक्ष ने साधा सम्राट सरकार पर निशाना





'प्लीज हमें जाने दो, हम यहां फिर कभी नहीं आएंगे'

वीडियो में लड़की हाथ जोड़कर ग्रुप से जाने देने की गुज़ारिश करती दिख रही है। एक और वीडियो में वह कहती सुनाई दे रही है, 'प्लीज हमें जाने दो, हम यहां फिर कभी नहीं आएंगे।'



बिहार में कोई लड़की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं: राहुल



बिहार के जमुई में नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ कथित मारपीट और छात्रा से छेड़खानी का वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, ममता बनर्जी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घटना की निंदा करते हुए बिहार सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने आरोपियों के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के जमुई में दो नाबालिग लड़के-लड़कियों के साथ कथित तौर पर बदसलूकी किए जाने की घटना को लेकर सोमवार को राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि "शाम सात बजे के बाद कोई लड़की राज्य की सड़कों पर सुरक्षित क्यों नहीं है?" उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का हवाला देते हुए यह भी कहा कि दोषियों के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला चलाया जाना चाहि

आज सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

जमुई में स्कूली छात्रा से छेड़खानी के विरोध में कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी 22 सितंबर को सभी जिला व प्रखंड मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों को पत्र लिख कर निर्देश जारी किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि पीड़ित छात्र-छात्रा को न्याय दिलाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं राज्य में महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

रूस में पुतिन समर्थक पार्टी की जीत, बरकरार रखा दबदबा



मास्को। यूक्रेन से युद्ध शुरू होने के बाद रूस में पहली बार हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की समर्थित यूनाइटेड रशिया पार्टी ने देश की संसद में अपना बहुमत बरकरार रखा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मतदान एक सुनियोजित प्रक्रिया के तहत हुआ, जिसमें ज्यादातर विपक्षी उम्मीदवार शामिल नहीं थे और इससे सरकार का सत्ता पर मजबूत नियंत्रण बना रहा। केंद्रीय चुनाव आयोग के अनुसार, 95 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों के नतीजों में पार्टी की सूची के आधार पर चुने जाने वाले 225 सांसदों की सीट पर यूनाइटेड रशिया को लगभग 58 प्रतिशत वोट मिले हैं। इसके अलावा, 225 सांसदों का चुनाव अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में सीधे मुकाबले के जरिए हुआ है।

भारत-फ्रांस के विदेश मंत्रियों के बीच हुई यूक्रेन, खाड़ी संकट पर बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



यूक्रेन युद्ध और पश्चिम-एशिया संकट के बीच सोमवार को भारत और फ्रांस के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। जिसमें इन दोनों मामलों के अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की आवश्यकता के साथ-साथ कई अन्य जरूरी बहुपक्षीय मामलों पर विस्तार के साथ चर्चा की गई है। यह जानकारी डॉ.एस.जयशंकर ने 21 सितंबर को की गई अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें उन्होंने अपनी मुलाकात को लेकर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट के साथ मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी नियमित बैठकें और टेलीफोन के माध्यम से होने वाला संवाद दोनों देशों की विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की गति को बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया और युवाओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लक्ष्य, संकल्प, अध्ययन, अनुभव और धैर्य को सफलता का आधार बताते हुए नशा-मुक्ति, राष्ट्रप्रेम, योग, मेडिटेशन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। इस दौरान नवीन ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और कहा कि देश के भविष्य का निर्माण करने वाली सबसे शक्तिशाली ताकत युवा हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा, प्रतिभा और विचार-क्षमता है तथा यदि इस शक्ति को सही दिशा दी जाए, तो युवा देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी : रमेश

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने देश में खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक महीने में मसालों, दालों और खाद्य तेलों के दाम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि जून से सितंबर के बीच प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत में 82.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा उछाल ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। उनके मुताबिक, दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के महंगे होने से आम लोगों के घरेलू बजट पर दबाव बढ़ रहा है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1969/715 Raipur, Dtd. 18/09/2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)

Tenders are invited from eligible bidders for supply of following materials:-

S. No.	Particulars	Qty.	Earnest Money	Last date/ time for submission of tender
1.	**Supply of different type of T-clamps (extruded aluminium type) for various EHV S/s under CE(S/s) CSPTCL, Raipur.**	As per Tender	33,000/-	12/10/2026 14:00 Hrs.

NOTE :-Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Sub-Station)
CSPTCL: Raipur(C.G.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
84/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 199666 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate)	Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 01 No. "8" Passanger Capacity Lift (G+1) at Govt. Polytechnic College Building Bhatapara Dist. Baloda Bazar - Bhatapara CG	Rs 18.45 Lacs
85/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 199705 Registered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate)	Providing & Fixing External CCTV & Video Conferencing Setup Work at New CM House Campus, Sector 24, Nava Raipur, C.G.	Rs 99.96 Lacs
86/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 199587 Registered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate)	SITC of DG set and Eletrification Work at tennis academy, jora, Raipur(C.G.)	Rs 25.00 Lacs
87/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 199559 Registered contractor class in "D" & above ForForm A (Percentage Rate)	NIT Schedule for lift proposed extension part at state forensic lab, tikrapara, Raipur(C.G.)	Rs 26.00 Lacs

Date of bid submission 09-10-2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262703411/5

Superintending Engineer
P. W. D. (E & M) Circle Raipur (C. G.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)

फोन.नं. 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395: ई-मेल ; sbmrmc2025@gmail.com

I/372091/2026/SBM/RMC/2026 Raipur, 16.09.2026

छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्र. GENS-2101/1265/2026- UAD/260684 दिनांक 11.09.2026 मे प्राप्त अनुमोदन के परिपालन में नगर निगम रायपुर को चार क्लस्टरों में विभाजित कर स्वच्छता कार्य 05 वर्ष हेतु निविदा आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

System Tender No.	Name of work	Estimated Value in Rs.
199509	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, 199509 Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in North Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	1,11,36,29,648.00
199508	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in WEST Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	1,68,72,87,524.00
199506	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in RURAL Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	2,21,19,06,122.00
199507	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in SOUTH Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	1,29,86,89,011.00

कृपया उपरोक्त को नियमानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर करतन इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

Dream City, Clean City, Green City

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
द्वितीय आमंत्रण

दिनांक 18.09.2026

निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा "सी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.10.2026 तक है।

एन.आई.टी क्र / निविदा क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 190 Tender No. 199619	जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गो में बी. टी. पेच मरम्मत कार्य।	रू. 123.02 लाख
NIT NO. 191 Tender No. 199620	जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग, एवं ग्रामीण मार्गो में बी. टी. पेच मरम्मत कार्य।	रू. 122.89 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य अथवा विभागीय वेबसाइट जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू.100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

G-262703401/2

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर
मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)



दुपहिया 2 का ट्रेलर : सामाजिक मुश्किलों का कराता है सामना

नई दिल्ली। वेब सीरीज 'दुपहिया सीजन 2' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'धड़कपुर' गांव की आम सी परेशानियों को ट्रेलर में दिखाया गया है। ट्रेलर में दिग्गज और नई कास्ट साथ में अभिनय करती नजर आएगी। दुपहिया सीजन 2 का ट्रेलर आपको मनोरंजन के साथ कई सामाजिक मुश्किलों का सामना कराता है। यह ट्रेलर अंजान मोड़ों और उथल-पुथल से भरी कहानी की एक झलक पेश करता है, जो इस बार भी यहां के लोगों का पीछा छोड़ने वाली नहीं हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार फिर बनवारी का परिवार किसी बड़ी मुसीबत में फंसने वाला है। दुपहिया सीजन 2 की कहानी में धड़कपुर गांव में बनवारी के बंजर जमीन में टॉवर लगना है।

लाइफ Style

जेनिफर

विलियम संग की दूसरी बार शादी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके में एक प्राइवेट क्रिश्चियन वेडिंग के कुछ हफ्ते बाद गोवा में फिर से शादी की। साथ ही इस खास दिन का जश्न अपने करीबी दोस्तों के साथ मनाया।

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके के बाद गोवा में क्रिश्चियन वेडिंग की है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को कपल के सेलिब्रेशन की कुछ खास झलक भी देखने को मिली, जो गोवा की थी। इस कपल ने जुलाई में यूके में एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की थी और अपने दोस्तों को एक रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बना लिया, जिसमें टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल थे। इस गैदरिंग के वीडियो और फोटो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर, करण वाही, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, मंदिरा बेदी, शब्बीर अहलूवालिया और दूसरों के साथ सेलिब्रेशन का मजा लेते नजर आ रही है। जेनिफर विंगेट ने अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गोवा वेडिंग की, जो झलक शेयर की है। उसमें वह जेनिफर और विलियम एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते दिख रहे हैं। यह पार्टी यूके में जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल की वेडिंग के दो महीने बाद हुई। मंदिरा बेदी ने गोवा में सेलिब्रेशन करवाया, जबकि हरलीन सेठी ने जश्न के दौरान गुलदस्ता पकड़ा। गोवा सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर और विलियम अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



परिवार और दोस्तों ने छोड़ दिया अकेला

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन हालिया फिलाडेल्फिया कॉन्सर्ट में फकक कर कई बार स्टेज पर ही रो पड़े। उन्होंने वहां पहुंचे 50 हजार फैंस से कहा कि ये दुनिया बहुत डरावनी जगह है। पिछले एक हफ्ते में उन्हें पता चला है कि असली रिश्ते क्या होते हैं। सिंगर ने कहा- परिवार और दोस्तों ने मुझे अकेला छोड़ दिया। परफॉर्मेंस के बीच में टेलीप्रॉम्प्टर से बयान पढ़ते हुए सिंगर को भावुक देख जहां फैंस की आंखें भी नम हो गईं, वहीं उन्होंने खुलासा किया कि उनके परिवार और दोस्तों ने भी उनका साथ छोड़ दिया है।



15 की उम्र में शुरू किया था मॉडलिंग कॅरियर

लॉस एंजिल्स। सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड और बिजनेसमैन रैंडे गेरबर के बेटे प्रेस्ली गेरबर नहीं रहे। महज, 27 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। प्रेस्ली गेरबर का जन्म साल 1999 में कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में हुआ था। 15 साल की उम्र में आईएमजी मॉडल्स के साथ साइन करने के बाद उन्होंने टीनएजर के तौर पर अपना मॉडलिंग कॅरियर शुरू किया। प्रेस्ली ने लॉस एंजिल्स में मोस्किनो शो से अपना रनवे डेब्यू किया था। इसके बाद मिलान में डोल्से एंड गब्बाना जैसे शो में भी हिस्सा लिया। उन्होंने केल्विन क्लाइन के एक कैंपेन में भी काम किया। अपनी छोटी बहन काइया के साथ काम करने वाले गेरबर ने हाल के वर्षों में मेंटल हेल्थ, अवसाद और नशीले पदार्थों की लत से जुड़ी अपनी मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की थी।

द मॉन्स्टर माइंड्स से होगा डेब्यू...



नई दिल्ली। बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले आदित्य सिंह सुदर्शन अब फिल्मी दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। आध्यात्मिक और सामाजिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' से बतौर लीड हीरो एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके दादा आचार्य सुदर्शन जी महाराज हैं। वहीं, आदित्य के पिता पूर्व राज्यमंत्री अमिताभ गुंजन चुन्नू हैं। आदित्य एक्टिंग की दुनिया में अपनी पहली पारी शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' मोशन पल्स के बैनर तले बनी है। यह साइकोलॉजिकल सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इसमें दर्शकों को रहस्य, रोमांच, एक्शन और कई ऐसे विजुअल्स देखने को मिलेंगे, जो कहानी को और खास बनाने वाले हैं। आदित्य की पहचान सिर्फ उनके परिवार की वजह से नहीं है।

'ये प्रेम मोल लिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज



मुंबई। पारिवारिक फिल्में बनाने के लिए मशहूर सूरज बड़जात्या नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सूरज की फिल्मों में परिवार, परंपरा और इमोशंस होते हैं। नई फिल्म में भी दर्शक ऐसी उम्मीद कर सकते हैं। फिलहाल इसका टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है और इसने महफिल लूट ली है। 'ये प्रेम मोल लिया' के टाइटल ट्रैक में भव्य शादी दिखाई गई है। शादी की रस्मों और परिवार के प्यार ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं। दूसरी, तरफ इसमें रीति-रिवाजों की भी वाइब है। गाने में त्योहार के पलों की झलक दिखाई गई है। शरवरी और आयुष्मान खुराना को छठ पर्व मनाते दिखाया गया है।

खतरों के खिलाड़ी 15 के सेमी फिनाले की डेट का ऐलान



नई दिल्ली। रोहित शेट्टी ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सेमी फिनाले अगले हफ्ते 26 और 27 सितंबर होगा। सेमी फाइनल सभी आठ कंटेस्टेंट के लिए एक अहम पड़ाव होगा, क्योंकि मुकाबले में सिर्फ पांच कंटेस्टेंट ही आगे बढ़ पाएंगे। आने वाले चैलेंज में उनकी हिम्मत, ताकत, सहनशक्ति और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा होगी। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद फाइनलिस्ट ग्रैंड फिनाले में ट्रॉफी के लिए मुकाबला करेंगे। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की ट्रॉफी जीतने के लिए 5 टॉप फाइनलिस्ट में कड़ा मुकाबला होगा, जिसके बाद रोहित शेट्टी अपने शो के विनर का खुलासा करेंगे। सेमी फिनाले में दर्शक जबरदस्त एक्शन, चौंकाने वाले ट्विस्ट और इमोशनल पलों की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि कंटेस्टेंट फाइनल रेस में अपनी जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगे।

'बिग बॉस 20' से रोहेद का सफर खत्म



नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' में रोहेद खान का सफर खत्म हो गया है। ऑस्ट्रियाई-अफगान एक्टर को रविवार, 20 सितंबर को 'वीकेंड का वार' एपिसोड के दौरान सलमान खान के रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया। वे बिग बॉस सीजन 20 से बाहर होने वाले पहले कंटेस्टेंट बन गए। रोहेद खान को आसिफ खान और तन्मय सिंह के साथ एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट किया गया था। इन तीनों को पब्लिक वोट का सामना करना पड़ा था, क्योंकि कैप्टन यंग डीएसए के साथ मिलकर नॉमिनेशन की रणनीतियों पर चर्चा करके घर के नियम का उल्लंघन करने का आरोप उन पर लगा था। यंग डीएसए अपनी कप्तानी की वजह से नॉमिनेशन से बच गए थे।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

नर्सिंग स्टाफ/ऑपरेटर

आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग स्टॉफ / नर्सिंग हेल्पर स्टॉफ मेल/ फिमेल -6 फ्रेशर या अनुभवी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर-1 (हॉस्पिटल के कार्य हेतु) रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (आरो-583)

कुक

आवश्यकता है- शंकर नगर, न्यू दिल्ली स्वीट्स के पीछे खाना बनाने हेतु महिला की आवश्यकता है। संपर्क 7400700030. (आरो-0148)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576.(आरो-209)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, 9329103178.(आरो-OM)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

मैकेनिक/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम के लिए इलेक्टिक स्कूटी मैकेनिक, सुपरवाइजर, सेल्स के लिए लड़कों की आवश्यकता हैं, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क चावला इलेक्ट्रिक, मेन रोड, तेलीबांधा, रायपुर मोबाइल 9907960900. (आरो-292)

एच आर मैनेजर

Wanted- Required an HR manager for a textile manufacturing plant at Raipur (C.G.)- capable of handling 200-250workers as well as implementing HR policy. Email resume at: vacancy.spintex@gmail.com(आरो-0176)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो न.-4173)

ड्रायवर

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुरा चौक, कुशालपुर, पचपेड़ी नाका, भनपुरी से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता जय महामाया ट्रेवल्स ऊपरवारा नया रायपुर मो.9993944771, 9977909698.(आरो-211)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 विपणन अधिकारी 30000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 टेंडर कार्य,योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016. (आरो-815)

आवश्यकता है- वी.आई.पी चौक, तेलीबांधा, एम.जी. रोड, टाटीबंध, बोद्री (बिलासपुर), हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, की अतिशीघ्र आवश्यकता है। ड्यूटी 12 घंटा, वेतन 12000-15000/- आयु सीमा- 25- 45 वर्ष, कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें - 8602776151.(आरो-210)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिये इच्छुक उम्मीद्वार अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें:- डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक रायपुर मो 8109135400, 9179380728.(आरो-666)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर काम करने के लिए महिला एंव पुरूष कर्मचारियों की आवश्यकता है। संपर्क करें जय जवान पेट्रोल पंप मरीन ड्राइव के पास तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) मो . - 9827141707.(आरो-4181)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्स/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- 1. Male staff for furniture fitting. 2. Male staff for sales. 3. Female staff for office handling and tele calling. Address - Durian Furniture ,Radhika Nagar, besides Central Bank of India. Near supela police station, Bhilai Contact no. 9301419553, 7805961516.(आरो-212)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4171)

Medical चिकित्सा

नशा मुक्ति केन्द्र- सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665. (आरो-41915)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट

मकान एवं प्लाट बेचना है- माधव राव सप्रे वार्ड रायपुर गोकुलधाम सोसायटी के सामने भूतल पर 800 वर्ग फीट में निर्मित मकान सर्व सुविधा युक्त मेंन रोड से 100 फीट पर चुकता कीमत 37 लाख एवं नया राजधानी (जामगांव अभनपुर) पर डायवर्सन प्लाट 1000 फुट को चुकता रेट 6 लाख में बेचना है। संपर्क करें:- 8827380696, 9754685471, 8960002971, 8435931717. (आरो-204)

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें 7898855268. (आरो-41750)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिविल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 9350674841, 9350674841. (आरो-072)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर 96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

एजेंसी	पता	संपर्क नं.
अतुल पब्लिसिटी	सदर बाजार	94062-00210
ओम विज्ञापन एजेंसी	न्यू राजेन्द्र नगर	93036-90016
मितनिशा एड	रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी	93298-46567
नाईस पब्लिसिटी	शारदा चौक	93002-19536
महेश्वरी पब्लिसिटी	देवेन्द्र नगर	0771-2234113
प्रेमप्रकाश मध्यानी	श्याम नगर/कटोरा तालाब	93294-07988
माँ एड एजेंसी	पी.एस. सिटी	93005-12211
राजेश पब्लिसिटी	समता कालोनी	99263-08899
विजय घोष	पुरानी बस्ती	98261-16051
आदित्य एड एजेंसी	टिकरापारा	93010-51757
देव एड एजेंसी	जयस्तंभ चौक	98268-77609
खन्ना एड एजेंसी	स्टेशन रोड	93001-60001
छत्तीसगढ़ डेल्टा	सुन्दर नगर	92294-96081
सुमीत एड एजेंसी	शहीद स्मारक	98261-61116
शिवम एड एजेंसी	बुढ़ातालाब	93291-00263
ए.के. एड एजेंसी	तात्यापारा चौक	98261-45558
किशोर पब्लिसिटी	छोटापारा	98271-62038
एम्बेसी कार्पोरेट	देवेन्द्र नगर	98267-06506
शांति विजय एड	पचपेड़ी नाका	93001-61001
ए.एस.ए. एड एजेंसी	गुरूनानक चौक	98271-62101
प्रयास एड एजेंसी	श्याम प्लाजा	94062-36209

हरिभूमि कम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथेरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.बी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

जैकेट के शेष

जड़ें गहरी, तेजी से पानी ...

जाएगा। अधिकारी के अनुसार पेड़ों की जड़ें जमीन के अंदर फैलकर दोबारा नए पौधे तैयार न करें, इसके लिए जड़ उन्मूलन भी किया जाएगा। इसके बाद खाली हुए क्षेत्र में विलुप्त प्रजाति के पौधों के साथ औषधीय पेड़ों का रोपण किया जाएगा। इससे परिसर में स्थानीय वनस्पतियों को बढ़ने के लिए बेहतर परिस्थितियां मिलने की उम्मीद है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक या अगले महीने से सूबबुल के पेड़ों की कटाई करने का काम किया जाएगा। **पांच हेक्टेयर में लगाए पेड़ 21 हेक्टेयर में फैला** : डेढ़ दशक पूर्व सूबबुल के पौधों को पांच हेक्टेयर में रोपे गए थे। डेढ़ दशक में फैलकर यह पेड़ 21 हेक्टेयर में फैल चुके हैं। घने फैलाव के कारण परिसर में जमीन की सतह तक पर्याप्त धूप नहीं पहुंच पाती। इससे छोटे देशी पौधे, जड़ी-बूटियों और अन्य स्थानीय वनस्पतियों के प्राकृतिक विकास प्रभावित हो रहा है।

राम मंदिर में 105 बार...

किया। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167(2) के तहत, यदि जांच एजेंसी तय अवधि यानी 60 या 90 दिन के भीतर अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने में विफल रहती है तो आरोपी को वैधानिक जमानत पाने का अधिकार मिल जाता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 187 ने पहले लागू दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167(2) का स्थान लिया है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले एसआईटी को अपनी जांच जल्द पूरी करने और उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने एसआईटी को निर्देश दिया था कि वह चढ़ावा चोरी मामले में जांच में हुई प्रगति की वस्तु स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। शीर्ष अदालत ने 27 जुलाई को चढ़ावे के कथित गबन की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) किरण एस. की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय एसआईटी का संज्ञान लिया था। उसने उत्तर प्रदेश सरकार से जांच टीम में एक फॉरेंसिक ऑडिटर को भी शामिल करने को कहा था। सुधारात्मक कदमों पर जोर देते हुए पीठ ने कहा था कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पीठ ने एसआईटी को दो सप्ताह के भीतर वस्तु स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। पीठ ने 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार से चढ़ावे के कथित गबन की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की संभावना के बारे में उसे अवगत कराने को कहा था। शीर्ष अदालत ने 13 जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस को मामले में वस्तु स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। पीठ ने चढ़ावे की कथित चोरी की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को भी नोटिस जारी किया था। राम मंदिर में चढ़ावे के प्रबंधन में अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद सुधाकर सिंह समेत कई याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने और मंदिर न्यास के वित्तीय मामलों का 'फॉरेंसिक ऑडिट' कराने संबंधी निर्देश का अनुरोध किया था।

एआई टूल्स और डेटा...

चला रहे हैं। भारी लेन-देन और व्यापार के बावजूद ये फर्में न तो कोई जीएसटी रिटर्न फाइल कर रही हैं और न ही सरकार के पास किसी प्रकार का टैक्स जमा करा रही हैं। इस पूरे अंतरराज्यीय स्तर के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे आधुनिक एआई टूल्स और डेटा एनालिटिक्स के जरिए हुआ है। जांच के बाद बड़ी संख्या में जीएसटी नंबर रद्द किए गए हैं, जबकि कई मामलों में नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।हाल ही में व्यापार विहार और मुंगेली में मारे गए छापे को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एआई आधारित विश्लेषण के जरिए ऐसे कारोबारियों की पहचान की गई, जिनके लेनदेन, रिटर्न फाइलिंग और टैक्स क्रेडिट के पैटर्न सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों से मेल नहीं खा रहे थे। जांच में कई ऐसे पंजीकरण सामने आए, जिनका उपयोग केवल फर्जी बिल जारी करने और अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने के लिए किया जा रहा था। इससे सरकारी राजस्व को बड़ा नुकसान पहुंच रहा था। इस फर्जीवाड़े में सबसे ज्यादा संलिप्तता कंस्ट्रक्शन कंपनियों, बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स, सीजनल सामान विक्रेताओं, इलेक्ट्रिकल उपकरण और फर्नीचर कारोबारियों की है।

इस तरह की जाती है गड़बड़ी : यह कारोबारी शुरुआत में वैध तरीके से जीएसटी में पंजीयन कराते हैं, लेकिन जैसे-जैसे उनका बिजनेस बढ़ता है और टैक्स की देनदारी लाखों-करोड़ों में पहुंचने लगती है, वे शातिराना अंदाज में अपना जीएसटी नंबर सरेंडर करवा देते हैं। दरअसल नंबर कैंसिल कराने के कुछ ही हफ्तों या महीनों बाद ये कारोबारी उसी रद्द हो चुके जीएसटी नंबर, पुराने बिल बुक और लेटरपैड का इस्तेमाल कर दोबारा गुप्त कारोबार शुरू कर देते थे। चूंकि मार्केट में किसी भी बिल पर जीएसटी नंबर लिखा होने पर सामान्य ग्राहक या खरीदार उसकी तुरंत जांच नहीं कराता, इसलिए इनका यह अवैध कारोबार बिना किसी रुकावट के महीनों तक चलता रहता है। इस तरह के मामलों में एक ही व्यक्ति या समूह द्वारा कई फर्जी कंपनियां बनाकर आपस में काल्पनिक लेनदेन दिखाने की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं।

जुर्म दर्ज कराया गया है : कई कारोबारियों, संस्थानों और फर्मों की पहचान की गई है, जो अपना जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंसिल कराने के बावजूद उसी अवैध नंबर का इस्तेमाल कर कारोबार कर रहे हैं। ये फर्में न तो कोई जीएसटी रिटर्न फाइल कर रही हैं और न ही टैक्स जमा करा रही हैं। जांच के बाद बड़ी संख्या में जीएसटी नंबर रद्द किए गए हैं, जबकि कई मामलों में नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। छापा मार कार्रवाई के बाद पेनाल्टी भी वसूली गई है।

- **महेंद्र कुमार धनेलिया,** ज्वाइंट कमिश्नर, जीएसटी

सुचिका ने रचा इतिहास...

गया। सुचिका तारियाल सुबह कराए गए वजन में सिंगापुर की हुई हून तेओ से सिर्फ 700 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। सेमीफाइनल का यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था लेकिन अधिक वजन होने के कारण भारतीय खिलाड़ी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा जो एमएमए में भारत का पहला पदक है। भारतीय खिलाड़ी का थोड़ा अधिक वजन निर्णायक साबित हुआ क्योंकि तकनीकी नियमों के अनुसार मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में कम वजन वाले खिलाड़ी को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। सुचिका ने महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में एमएमए में एशियाई खेलों की पहली पदक विजेता बनकर इतिहास रचा लेकिन जश्न मनाने के बजाय, वह उस पदक के गम में डूबी हुई थीं, जो फाइनल में पहुंचने पर उन्हें मिल सकता था। हरियाणा के रोहतक जिले के किलोई गांव की रहने वाली 36 वर्षीय सुचिका का जीवन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का एक अद्भुत उदाहरण है। वह 2024 में जिउ-जित्सु की विश्व चैंपियन रह चुकी हैं, उन्होंने 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में और 2022 के एशियाई खेलों में कुराश फाइटर के रूप में देश का प्रतिनिधित्व किया था। सोमवार को उन्होंने जी-जान से मुकाबला किया, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण उन्हें पदक से वंचित रहना पड़ा। शुक्र है कि पदक पक्का हो चुका था और खुद को संभालते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि यह पदक उनके लिए कितना मायने रखता है। उन्होंने बाद में कहा, यह मेरे जीवन से भी बढ़कर है। मैं कभी नहीं भूलूंगी कि मैं जापान आई और अपने देश के लिए पदक जीता। अब मैं चैन से मर सकती हूं।

भूपेश-गोगोई के काफिले पर हमला...

जिससे तनाव पैदा हो गया। उन्होंने बताया कि बैठक के बाद जब कांग्रेस का काफिला उसी रास्ते से लौटा, तो भाजपा समर्थकों ने विपक्षी पार्टी की गाड़ियों पर कथित तौर पर पत्थर फेंके। उन्होंने कहा, /"भाजपा समर्थकों ने कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कथित तौर पर मारपीट भी की, जबकि इलाके में तैनात सीआरपीएफ जवानों ने हालात को काबू में करने के लिए हमलावरों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता लाठियां लेकर वापस लौटे और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। कांग्रेस की दो गाड़ियों के शीशे टूट गए। पुलिस ने बताया कि पथराव में कुछ पत्रकारों को भी मामूली चोटें आईं। एक अन्य अधिकारी ने कहा, /"कांग्रेस नेताओं को सुरक्षा दी गई और स्थिति को काबू में कर लिया गया। हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है जो हमले में शामिल थे और उनसे पूछताछ चल रही है।/" गोगोई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उस कार पर पत्थर और बोतलें फेंकीं, जिसमें वह और बघेल यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा, भीड़ पर काबू के लिए पुलिस से काफी पहले अनुरोध किया गया था, लेकिन हालात को बिगड़ने दिया गया। क्या भारत के निर्वाचन आयोग को भाजपा-शासित राज्यों में हिंसा की ऐसी घटनाओं पर मूकदर्शक बने रहना चाहिए? असल में, भाजपा को अपराधियों के लिए एक भर्ती प्रकोष्ठ खोलना चाहिए। भाजपा की प्रदेश इकाई ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

दशहरा, दीपावली और...

में भी इन तिथियों में अवकाश घोषित है। नियमविरूद्ध अवकाश दिवस में शाला संचालित किए जाने पर संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तिथि सहित विस्तृत आदेश प्रेषित कर दिया गया है।

कार की टक्कर, दो मासूमों की ...

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को राजनांदगांव मेडिकल **कॉलेज रेफर किया गया।**

इलाज के दौरान दोनों की मौत: इलाज के दौरान पवन कुमार सोनकर के 3 वर्षीय पुत्र हिमांशु सोनकर की राजनांदगांव में मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय नमन कुमार सोनकर को आगे उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया, जहां उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल पवन सोनकर को भी रायपुर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

50 लाख का रपटा टूटा...

मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुल के धंसने से दैनिक कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है। रास्ता पूरी तरह बंद हो जाने के कारण क्षेत्र में कोई भी बड़ा वाहन या एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही है। खासकर गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को खाट या पैदल मुख्य मार्ग तक ले जाने की नौबत आ गई है। क्षेत्र के ग्रामीण मनबोध, सुरेश कुमार, रामे"वर, विरेन्द्र कुमार, सूरज कुमार ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक मार्ग या अस्थायी रपटे का निर्माण कराया जाए, ताकि आपातकालीन आवाजाही बहाल हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

पेज एक के शेष

कर लो दुनिया मुट्ठी में...

बढ़ा है। एनएफएचएस-5 यानी 2019-21 में 15 से 49 वर्ष की 40.7 फीसदी महिलाएं ऐसा मोबाइल फोन इस्तेमाल करती थीं, जिसे वे खुद इस्तेमाल करती थीं। एनएफएचएस-6 यानी 2023-24 में यह अनुपात बढ़कर 47.8 फीसदी हो गया, यानी पांच साल के अंतराल में 7.1 प्रतिशत अंक की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा मोबाइल की उपलब्धता से ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि सर्वे में बात ऐसे फोन की हो रही है, जिसे महिला खुद इस्तेमाल करती है।

साय ने कहा- मां का सम्मान...

में उल्लेख किया है।

"मां है ममता, मां है करुणा, मां जीवन का आधार है,
मां के चरणों में समर्पित पूरा ये संसार है।
मां का करे अपमान, वो कुपुत्र ही कहलाएगा,
मां का करे तिरस्कार, वो कहीं ठौर न पाएगा।"

पीएम मोदी के शैली पर की थी मिमिक्री : उल्लेखनीय है कि इंदौर में कार्यक्रम के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में स्टैंडअप कॉमेडियन पुलकित मणि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बोलने की शैली और हाव-भाव की मिमिक्री की थी। प्रस्तुति के एक हिस्से में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भीड़ में मौजूद बुजुर्ग माताजी के लिए कुर्सी उपलब्ध कराने को कहने से जुड़े प्रसंग को भी शामिल किया गया। इसे लेकर भाजपा के अनेक नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया है कि हास्य के नाम पर मां और मातृशक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे और प्रस्तुति पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हुई है।

पुजारी भगवान की...

याचिकाकर्ता के सर्वराकार पद अथवा ट्रस्ट की संपत्ति पर उसके वास्तविक अधिकार का अंतिम निर्धारण नहीं करती। याचिका महंत राम आशीष दास, निवासी जैतूसाव मठ, पुरानी बस्ती रायपुर ने दायर की थी। उन्होंने स्वयं को दिवंगत महंत राम भूषण दास का शिष्य बताते हुए वसीयत, गोद लेने के दस्तावेज और सर्वराकार के रूप में नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों के आधार पर ट्रस्ट की संपत्तियों पर अपना दावा बताया था। महंत राम भूषण दास की मृत्यु 16 नवंबर 2007 को हुई थी और वे ट्रस्ट के सर्वराकार थे। मामले में महेंद्र कुमार अग्रवाल ने ट्रस्ट की भरेंगा और भटगांव स्थित कृषि भूमि सहित अन्य संपत्तियों के राजस्व रिकॉर्ड से दिवंगत महंत का नाम हटाकर कलेक्टर का नाम दर्ज करने की मांग की थी। तहसीलदार ने 13 अक्टूबर 2010 को मामला पहले से न्यायालय व रजिस्ट्रार के समक्ष लंबित होने के कारण आवेदन खारिज कर दिया था। बाद में 21 मार्च 2012 को एसडीओ ने बिना याचिकाकर्ता को नोटिस दिए कलेक्टर का नाम दर्ज करने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने अपील खारिज की, जबकि संभागायुक्त ने 5 दिसंबर 2014 को उसे निरस्त कर दिया। राजस्व मंडल ने 28 अप्रैल 2016 को संभागायुक्त का आदेश पलटकर एसडीओ व कलेक्टर के आदेश बहाल कर दिए।

पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति के सिद्धांत का उल्लेख : कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि मंदिर अथवा धार्मिक संपत्ति के प्रबंधन का अधिकार रखने वाला पुजारी उस संपत्ति का स्वतंत्र मालिक नहीं बन जाता। इन आधारों पर कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। हालांकि, राजस्व रिकॉर्ड में कलेक्टर का नाम दर्ज होने को ट्रस्ट के प्रबंधन या सर्वराकार पद के वास्तविक अधिकारों का अंतिम निर्धारण नहीं माना गया।

पांच साल से अधिक...

राजस्व प्रविष्टियां उस निर्णय के अधीन रहेंगी। कोर्ट ने यह भी माना कि 28 अप्रैल 2016 के राजस्व मंडल के आदेश को चुनौती देने के लिए याचिका 28 अगस्त 2021 को, यानी पांच साल से अधिक की देरी से दाखिल की गई और देरी का संतोषजनक कारण नहीं बताया गया।

टी-72 और टी-90, जंग के...

इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह अनुबंध किया। करार पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए। इसके तहत टी-72 और टी-90 टैंकों में स्वदेशी रूप से विकसित एपीयू लगाए जाएंगे। मंत्रालय के अनुसार, यह खरीद बख्तरबंद प्लेटफॉर्म से जुड़े महत्वपूर्ण सिस्टम के स्वदेशीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। इसके साथ ही यह मेक-II के तहत उद्योग के नेतृत्व में किए गए शोध और विकास को उत्पादन और सेना में शामिल करने की प्रक्रिया की सफलता को भी दिखाता है।

सूर्यकांत तिवारी के मकान को ...

कर अपना सामान दूसरी जगह शिफ्ट कर लिया था। मकान खाली करने आयकर विभाग की टीम ने सुपेला पुलिस से मदद मांगी थी। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने उक्त कार्रवाई सूर्यकांत के बेनामी संपत्ति मामले में की है।

न्यायालय तहसीलदार कसडोल
जिला - बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं. /सं.), संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल द्वारा ग्राम - सिनोधा, तहसील - कसडोल, में नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण कार्य हेतु शासकीय भूमि ख.नं. - 3, रकबा 37.255 हे. में से रकबा 0480 हे. भूमि विभाग को आबंटित करने हेतु प्रस्तावित है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 28.09.2026 नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति पेश करना हो तो, प्रकरण में नियत दिनांक 28.09.2026 तक स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से दस्तावेज के उपस्थित होकर, दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

नियत दिनांक पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
कसडोल
जिला- बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.)

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

भारतीय रिज़र्व बैंक
संपदा कक्ष, रायपुर

वास्तुकारों और ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ताओं के पैनलीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक, रायपुर या आस–पास के स्थानों पर स्थापित वास्तुकारों और ठेकेदारों/ आपूर्तिकर्ताओं की फर्मों से विभिन्न कार्यों हेतु 31 मार्च 2029 तक की अवधि के लिए पैनलीकरण हेतु मुहरबंद आवेदन आमंत्रित करता है। पूर्ण विवरण हेतु तथा रिक्त आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'टेंडर अनुभाग' पर जाएं। सुचारू रूप से भरे गए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्तूबर, 2026 (14:00 बजे) है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास ओल्ड पादरा रोड, वड़ोदरा- 390007
कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारक (ओं) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से लिए गए सोने के आभूषणों के बदले ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

भुगतान में विफलता के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **22 अक्टूबर, 2026** को आयोजित की जाएगी। यदि ऋणधारक की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित वैध उत्तराधिकारी (ओं) पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	ऋणधारक का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम: भिलाई नगर – भिलाई 3		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बजरंगबारा, सर्विस लेन जीई रोड, भिलाई–3, जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ – 490021
741857000079	स्वामी मृत्युंजय	
शाखा का नाम: चिरमिरी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंखा दफाई, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, कोरिया जिला, छत्तीसगढ़। – 497451
162557000132	गजल दीप कौर	
शाखा का नाम: डोंगरगांव		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मकान नं. 233/2जे, मेन रोड, डोंगरगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ – 491661
837157000011	केशवरी देवांगन	
शाखा का नाम: जगदलपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लक्ष्मण एकेन्यू, मंडी के पास, बालाजी वार्ड, जगदलपुर बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ – 494001
108562009277	सुरेंद्र पटेल	
शाखा का नाम: जगदलपुर II		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, रम्मैया वार्ड नंबर 18, चित्रकूट रोड, सिकानिपारा, जगदलपुर, जिला: बस्तर, छत्तीसगढ़ – 494001
443157000260	आशिया बेगम	
शाखा का नाम: कांकेर, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, न्यू बस स्टैंड के पास, जगदलपुर मेन रोड, कांकेर, छत्तीसगढ़ – 494334
371757000247	उपेन्द्र साहू	
शाखा का नाम: कटघोरा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्रेमलता गर्ग कॉम्प्लेक्स, दुकान नंबर 223, वार्ड नंबर 3, मेन रोड, कटघोरा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ 495445
328862001293	देवनन्दनी	
शाखा का नाम: महासमुंद		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, स्टेशन रोड, महासमुंद छत्तीसगढ़ – 493445
084105003922	जसमीत सिंह गक्कड़	
शाखा का नाम: नारायणपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 405/3, मेन रोड, भलरुपारा, नारायणपुर – 494661, छत्तीसगढ़
783557000063	गीता गोटा	
783557000113	बुधनी मरकाम	
शाखा का नाम: पत्थलगांव		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जीएस कॉम्प्लेक्स, भूतल फ्लोर, रायगढ़ रोड, पत्थलगांव, जिला: जशपुर, छत्तीसगढ़ – 496118
782157000079	उमेश जिंदल	
शाखा का नाम: रायपुर – भाठागांव		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, भाठागांव, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001
472305000163	विपिन कुमार	
शाखा का नाम: रायपुर - लाभांडी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉप नंबर 1,2,3 मेट्रो हेवन्स, सेंट जेवियर्स स्कूल मोड़, अवंती विहार, लाभांडी, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492006
478157000029	अजय लालवानी	
शाखा का नाम: रायपुर – मोवा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शोभराज प्लाजा डॉल्फिन प्लाजा के सामने। विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001
427857000095	विजय सिंह राजपुरोहित	
शाखा का नाम: रायपुर-काफाडीह		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, जीत टावर, काफाडीह चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001
438657000087	वेंकट सत्यनारायण कुप्पिली	
शाखा का नाम: राजनांदगांव		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 156/1234, नंदई चौक, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ – 491441
062405003088	भवदीप सिंह भाटिया	
शाखा का नाम: सरायपाली		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मेन रोड, बस स्टैंड के पास, सरायपाली –493558, छत्तीसगढ़।
783257000177	मेघनाथ पटेल	
शाखा का नाम: तिल्दा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स, बनियापारा, स्टेशन रोड, तिल्दा, जिला: रायपुर, छत्तीसगढ़ – 493114
794857000133	राकेश कुमार पांडे	
शाखा का नाम: कोसमुंडा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राम कोसामुंडा, ब्लॉक कोसामुंडा, जिला नवरंगपुर, ओडिशा 764061
277362006833	तुला राम बघेल	

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 22.09.2026
स्थान: रायपुर, बस्तर, महेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, दुर्ग, कोरबा, जशपुर, महासमुंद, नारायणपुर, सुकमा, राजनांदगांव

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

dhan

PUBLIC NOTICE

BEWARE OF FRAUDSTERS IMPERSONATING "DHAN", ITS DIRECTORS AND EMPLOYEES

RAISE SECURITIES PRIVATE LIMITED (formerly known as Moneylicious Securities Private Limited), operating under the brand name "Dhan", is a SEBI-registered stockbroker (SEBI Registration No. INZ000006031), member of BSE, NSE and MCX and a Depository Participant (SEBI Registration No. IN-DP-289-2016) with CDSL operating from Unit No. 2201, 22nd Floor, Gold Medal Avenue, S.V. Road, Beside Patel Petrol Pump, Piramal Nagar, Goregaon West, Mumbai – 400104.

We have become aware of fraudsters unlawfully impersonating Dhan, its directors, employees and representatives and misusing the Dhan name, logo, photographs and brand identity through fake websites, mobile applications, social media accounts, WhatsApp/Telegram groups and other channels.

These fraudsters may falsely offer guaranteed returns, assured profits, IPO allotments, investment opportunities, trading services or other financial benefits, and may induce the public to transfer money or disclose OTPs, passwords, banking, trading or other confidential information.

Dhan does not authorise any person, group, platform or third party to collect money from the public in the name of Dhan, its directors or employees, or to promise guaranteed/assured returns or profits.

The names and identities of Dhan's directors, including Mr. Jayprakash Gupta and Mr. Pravin Jadhav, have also been misused by fraudsters.

DO NOT TRANSFER MONEY OR SHARE YOUR OTP, PASSWORD, PIN, BANKING OR TRADING CREDENTIALS with any person claiming to represent Dhan. Dhan communicates with its clients only though its official channels:

Website: https://dhan.co/
Dhan Web: https://login.dhan.co/
Dhan Android: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.dhan.live
Dhan IOS : https://apps.apple.com/in/app/dhan-share-market-trading-app/id1575318726
Dhan Option Trader: https://dhan.co/options-trader-web/
Dhan Option Trader Android :https://play.google.com/store/apps/details?id=com.dhanoptions.live
Dhan Option Trader IOS: https://apps.apple.com/in/app/options-trader-fno-stocks/ id1601444691
Facebook: https://www.facebook.com/DhanHQ ;
Instagram: https://www.instagram.com/dhanhq/
X: https://x.com/DhanHQ ; https://x.com/dhancares
YouTube: https://www.youtube.com/@DhanHQ ;
https://www.youtube.com/@InvestingwithDhan ;
https://www.youtube.com/@CommoditiesbyDhan ; https://www.youtube.com/@AlandAlgosbyDhan ; https://www.youtube.com/@DhanHQTamil ; https://www.youtube.com/@DhanHQMalayalam ; https://www.youtube.com/@DhanHQTelugu ; https://www.youtube.com/@DhanHQMarathi ; https://www.youtube.com/@DhanHQKannada ; https://www.linkedin.com/company/Dhanhq/
WhatsApp: https://whatsapp.com/channel/0029Vb5CCizJ93wewl6tK638
Telegram: https://t.me/JoinDhan
Dhan Community: https://madefortrade.in/

Please note that all official communications from Dhan will be sent only from the @dhan.co domain. If you receive any communication claiming to be from Dhan but sent from @dhan.com, @dhan.co.in, or any other domain, please treat it as suspicious and report it immediately to **help@dhan.co**

Persons who have suffered financial loss should immediately report the matter to the appropriate cybercrime/law-enforcement authorities.

Dhan / Raise Securities Private Limited and its group companies shall not be responsible or liable for any loss arising from dealings with unauthorised or fraudulent persons, entities, platforms or groups impersonating Dhan or its directors, employees or representatives.

On Behalf of Raise Securities Private Limited
Sd/-
Manish Garg Compliance Officer

राशिफल

मेष मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

कन्या मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

शब्द पहेली - 6355



**बाएँ से द

खबर संक्षेप

आईओसी के 425 किमी लंबी पाइप लाइन को मंजूरी



नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने केरल के कोच्चि को तमिलनाडु के तूतीकोरिन से जोड़ने वाली 424.65 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के निर्माण और संचालन के लिए 2,448.70 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सूचना में यह जानकारी दी।

मनीव्यू का 1,092 करोड़ का आईपीओ 24 को खुलेगा

नई दिल्ली। डिजिटल ऋण मंच मनीव्यू लिमिटेड 24 सितंबर को अपना 1,092 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि आईपीओ के लिए 32 से 34 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। ऊपरी मूल्य दायरे पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये है।

रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ 95.81 प्रति डॉलर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 15 पैसे मजबूत होकर 95.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। बाजार में अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत की उम्मीद से भी धारणा बेहतर हुई।

ओरिएंटल इंश्योरेंस डिजिटल सेवाओं पर करेगी निवेश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अगले तीन साल में करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। 'प्रौद्योगिकी को मजबूत करने के लिए हमारे पास अपने संसाधन हैं और इसके लिए बजट भी रखा गया है।

प्रीमियर एनर्जीज ने सौर सेल संयंत्र किया चालू

नई दिल्ली। सौर ऊर्जा समाधान प्रदाता प्रीमियर एनर्जीज ने सोमवार को कहा कि उसने आंध्र प्रदेश में सात गीगावाट (जीडब्ल्यू) की परियोजना शुरू करने के साथ अपनी सौर सेल विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 10.6 गीगावाट कर ली है। 3,293 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से विकसित यह इकाई भारत का सबसे बड़ा सौर सेल विनिर्माण संयंत्र है।

हिमाद्री ने दी टायर कारोबार को अलग करने की मंजूरी

नई दिल्ली। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड (एचएससीएल) ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने डालमिया भारत रिफ्रैक्टरीज के टायर कारोबार को अलग कर एचएससीएल में शामिल करने की योजना को मंजूरी दे दी है। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल्स ने शेयर बाजार को बताया कि निदेशक मंडल ने कंपनी की ऑडिट समिति और स्वतंत्र निदेशकों की समिति की सिफारिशों तथा रिपोर्टों पर विचार करने के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यूपीआई पर अभी कुछ और साल शुल्क नहीं लेना चाहिए : नीति आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने दिया सुझाव

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को सरकार को सुझाव दिया कि उसे कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क की व्यवस्था जारी रखनी चाहिए और उसके बाद इसकी समीक्षा करनी चाहिए। कुमार ने कहा कि वह किसी भी मूल्य के यूपीआई लेनदेन के लिए कारोबारियों से शुल्क लेने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यूपीआई को व्यापक सकारात्मक प्रभाव वाला सार्वजनिक उपक्रम मानना चाहिए।

- कहा, वह कारोबारियों से कोई भी शुल्क लेने के पक्ष में नहीं

नकदी की ओर लौटने की संभावना

कुमार ने कहा, ''यह कदम नकदी के इस्तेमाल की ओर वापस लौटने की बहुत बड़ी संभावना पैदा करता है। छोटे से शुल्क से भी इस प्रतिगामी व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा। कुमार ने कहा, ''फिलहाल अच्छी व्यवस्था को जारी रखने के लिए यथास्थिति बनाए रखना बेहतर होगा।''

यूपीआई छह साल तक पूरी तरह शुल्क मुक्त रहा

सरकार ने करीब छह साल तक पूरी तरह शुल्क-मुक्त रहे यूपीआई भुगतान में बदलाव करते हुए 15 सितंबर को घोषणा की थी कि 15 अक्टूबर से इस मंच के जरिये कारोबारियों को 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। हालांकि, रोजमर्रा के व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है।



एमडीआर शुल्क ग्राहकों से नहीं लिया जाएगा : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर 'फर्जी खबर' फैलाने का आरोप लगाया था और कहा था कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि एमडीआर शुल्क ग्राहकों से नहीं लिया जाएगा।

ग्राहकों को कोई शुल्क नहीं देना होगा : वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, ''यूपीआई के जरिये ऐसे भुगतान करने पर ग्राहकों को कोई शुल्क नहीं देना होगा।' मंत्रालय ने कहा था कि एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) कारोबारी भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है और यह यूपीआई भुगतान करने वाले ग्राहकों पर नहीं लगाया जाएगा।

विपक्ष ने अमेरिकी दबाव में आने की बात कहीं थी

मंत्रालय ने यह भी कहा था कि व्यक्तियों के लिए यूपीआई का उपयोग 'बिना किसी मासिक सीमा, मात्रा संबंधी प्रतिबंध या शुल्क-मुक्त लेनदेन पर किसी स्तर की सीमा के बिना जारी रहेगा। इस फैसले की विपक्षी दलों ने तीखी आलोचना की थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि यह अमेरिकी दबाव के आगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक बार फिर आत्मसमर्पण करने की कार्रवाई है।

बुनियादी ढांचे को बनाए रखने जरूरी है

कुमार ने कहा, ''इसके कुल लाभ सार्वजनिक कोष पर यूपीआई बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए पड़ने वाली 20,000 करोड़ रुपये की लागत से कहीं अधिक हैं। कुमार ने कहा, ''इसलिए, कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क जारी रखना चाहिए, जब तक कि मुद्रा से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में कुछ गिरावट का रुख दिखाई न दे। उसके बाद स्थिति की समीक्षा की जा सकती है।''

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल भारत-न्यूजीलैंड समझौते की दी जानकारी

20 अक्टूबर से सस्ती मिलेगी शराब, 95% सामानों की गिरेगी कीमत, एफटीए से राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफसीए) 20 अक्टूबर 2026 से लागू हो जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी जानकारी दी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाना, भारतीय सामान के लिए न्यूजीलैंड का बाजार खोलना है। गोयल ने कहा कि यह समझौता अगले 15 वर्षों में न्यूजीलैंड से भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के बड़े निवेश का रास्ता भी खोलता है।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड से भारत आने वाले करीब 95 प्रतिशत सामान पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म या काफी कम हो जाएगी। इनमें न्यूजीलैंड की मशहूर वाइन, कीवी और सेब जैसे उत्पाद शामिल हैं। वहीं भारत से न्यूजीलैंड जाने वाले सभी सामान को ड्यूटी-फ्री बाजार पहुंच मिलेगी यानी भारतीय कंपनियों के लिए न्यूजीलैंड में अपने उत्पाद बेचने का रास्ता आसान होगा।

अमेरिका के साथ तनाव के बीच भारत की बड़ी रणनीति



भारत और न्यूजीलैंड का यह समझौता ऐसे समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का अधिकार देने वाला कानून पारित हुआ है। अमेरिका अभी भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। ऐसे में भारत लगातार दूसरे देशों में अपने निर्यात के लिए नए बाजार तलाश रहा है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों के बाद न्यूजीलैंड के साथ एफटीए भी इसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

समझौते से क्या बदलेगा?

न्यूजीलैंड से भारत आने वाले करीब 95 प्रतिशत सामान पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी खत्म या काफी कम हो जाएगी। जिसमें इसमें शराब, कीवी फल और सेब जैसे उत्पाद शामिल हैं। दूसरी तरफ भारत के सभी सामान को न्यूजीलैंड में बिना ड्यूटी के प्रवेश मिलेगा। भारतीय छात्रों और कामगारों के लिए न्यूजीलैंड जाने और वहां काम करने के नियम आसान किए जाएंगे। न्यूजीलैंड अगले 15 साल में भारत में 20 अरब डॉलर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाना
- ऽभारतीय सामानों के लिए न्यूजीलैंड का बाजार खोलना व निवेश बढ़ाना
- न्यूजीलैंड से आने वाले सामान करीब 95 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी फ्री होंगे

2030 तक व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

भारत और न्यूजीलैंड ने दोनों देशों के बीच व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। जून 2026 तक के 12 महीनों में दोनों देशों के बीच करीब 2.3 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है और कई देशों में टैरिफ बढ़ रहे हैं भारत और न्यूजीलैंड ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों देशों के कारोबार के लिए फायदेमंद हो सकता है।

भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से

गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है और वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से शुरू होगा। गोयल ने यहां कहा, ''अगले 90 दिन भारत-कनाडा संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण अवधि होने जा रहे हैं।'' दोनों देशों के बीच सीईपीए वार्ता का चौथा दौर 18 सितंबर को नयी दिल्ली में संपन्न हुआ। दोनों देश इस साल के अंत तक बातचीत पूरी करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिसके चलते वार्ता की गति तेज की गई है।

भारत से दवाएं, लौह एवं इस्पात व इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल

गोयल ने कहा, ''दोनों पक्षों ने बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इसी के तहत हमारा दल पांच अक्टूबर को पांचवें दौर की वार्ता के लिए जाएगा।'' कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू पिछले सप्ताह गोयल के साथ बातचीत के लिए मुंबई आए थे। भारत से कनाडा को होने वाले प्रमुख निर्यात में दवाएं, लौह एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं, कनाडा से भारत मुख्य रूप से दालें, मोती और कोयला, उर्वरक, कागज और कच्चे तेल का आयात करता है।

बामर लॉरी कारोबार विस्तार पर 500 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



- मुख्य जोर रेल, लॉजिस्टिक और यात्रा कारोबार पर होगा
- 200 से 250 करोड़ रुपए रेल लॉजिस्टिक खंड में लगाए जाएंगे

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड अगले तीन साल में करीब 500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इसमें मुख्य जोर रेल, तृतीय-पक्ष लॉजिस्टिक (3पीएल) और यात्रा कारोबार के विस्तार पर होगा। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अधीप नाथ पाल चौधरी ने 109वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से इतर कहा कि करीब 500 करोड़ रुपये के कुल प्रस्तावित निवेश में से 200-250 करोड़ रुपये रेल लॉजिस्टिक खंड में लगाए जाएंगे, जबकि करीब 100 करोड़ रुपये पैकेजिंग, ग्रीस एवं लुब्रिकेंट्स और रसायन जैसे मौजूदा कारोबार में नियमित परिचालन संबंधी पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं। चौधरी ने कहा कि कंपनी 3पीएल कारोबार के विस्तार पर भी 50-60 करोड़ रुपये खर्च करेगी। पाल चौधरी ने कहा कि लॉजिस्टिक कारोबार के तहत कंपनी अपने रेल रैक की संख्या मौजूदा तीन से बढ़ाकर 15 करने की योजना बना रही है।

एक रैक की कीमत 20 से 25 करोड़ रुपए होती है

पाल चौधरी ने कहा कि एक रैक की लागत आमतौर पर करीब 20-25 करोड़ रुपये होती है और इसलिए अगले कुछ वर्षों में 500 करोड़ रुपये के कुल पूंजीगत व्यय का बड़ा हिस्सा रेल परिसंपत्तियों की खरीद में जाएगा।

42 वर्षों की विरासत के साथ सहेली ऑरम ने दुर्ग शहर में रखा कदम

दुर्ग। शहर के शिवम मॉल में सोमवार को ज्वेलरी ब्रांड सहेली ऑरम का भव्य शुभारंभ हुआ। 42 वर्षों की विरासत के साथ ब्रांड ने नए अवतार और नई ज्वेलरी कलेक्शन्स के साथ दुर्ग में अपनी नई पहचान पेश की। लांच समारोह में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल और शिक्षाविद् आईपी मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सहेली ऑरम की 11 नई सिग्नेचर कलेक्शन्स और 10,000 से अधिक नए डिजाइन्स का अनावरण किया गया।

हर अवसर के लिए ज्वेलरी की नई रेंज

नई कलेक्शन्स में वेडिंग मास्टरपीसेज, पोल्की, डायमंड्स, लाइटवेट, कंटेम्परेरी और स्टेटमेंट ज्वेलरी को शामिल किया गया है। इन कलेक्शन्स में पारंपरिक डिजाइन के साथ आधुनिक पसंद और बदलते ज्वेलरी ट्रेंड्स को ध्यान में रखा गया है। समारोह में ग्राहकों, शुभचिंतकों और शहरवासियों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी रही। नई कलेक्शन्स को लेकर लोगों ने ज्वेलरी डिजाइन्स और उनकी विविधता में रुचि दिखाई।



42 साल का भरोसा

सहेली ऑरम की पहचान उसके 42 वर्षों के सफर और ग्राहकों के साथ बने विश्वास पर आधारित है। कंपनी के अनुसार, वर्तमान में 5 लाख परिवारों का विश्वास उसके साथ जुड़ा हुआ है। इसी विश्वास को अपनी सबसे बड़ी पहचान और मजबूत विरासत बताते हुए सहेली ऑरम ने नए अवतार के साथ आगे बढ़ने की बात कही।

शेयर बाजार में बूम, निवेशकों को राहत, 1.76 लाख करोड़ का फायदा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 564 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन लाभ में रहा और 68 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। निवेशकों को थोड़ी राहत मिली और करीब 1.76 लाख करोड़ रुपए का फायदा मिला है।

कच्चे तेल में नरमी के अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 564.03 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 74,858.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 692.44 अंक चढ़कर 74,987.40 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त में रहा और यह 67.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 23,414.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 4.11 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, एचसीएल टेक, इटर्नल, टाइटन, आईटीसी और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में 170 से ज्यादा प्रॉपर्टीज की बुकिंग, बना नया रिकॉर्ड

रायपुर। क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2026 के तीन दिवसीय आयोजन में 170 से अधिक प्रॉपर्टीज की बुकिंग हुई। आयोजकों के अनुसार, एक्सपो के दौरान रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा से खरीदारों का रुझान बढ़ा। आयोजन में 3800 से अधिक लोगों ने विजिट किया। समापन समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि क्रेडाई को मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आसानी से आवास उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रायपुर को शांतिपूर्ण शहर बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित हो रहा है और आने वाले समय में रायपुर के विकास की संभावनाएं और बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और मात्रा दोनों के साथ निर्माण करने से बिल्डरों की पहचान मजबूत होगी। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने एक्सपो के सातवें संस्करण को सफल बताते हुए कहा कि तीन दिनों में 170 से अधिक प्रॉपर्टीज की बुकिंग हुई। प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा ने कहा कि आयोजन के जरिए लोगों के घर के सपने को पूरा करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि क्रेडाई केवल बिल्डिंग नहीं, बल्कि कम्युनिटी बनाने पर भी काम करता है।



पहला पुरस्कार सविता ने जीता

समापन अवसर पर लकी ड्रॉ के सात विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। पहला पुरस्कार 55 इंच टीवी सविता वर्मा, दूसरा एसी रिंकू परवानी और तीसरा रेफ्रिजरेटर विवेक गोहिया ने जीता। अन्य विजेताओं को वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव, ओवन और एयर फ्रायर दिए गए।

देवभोग ने बढ़ाए दूध के क्रय दाम, किसानों को मिलेगा बढ़ा भुगतान

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित (सीजीसीडीएफ देवभोग) ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की क्रय दरों में बढ़ोतरी की है। नई दरें 21 सितंबर 2026 से लागू हो गई हैं। क्रय दर में वृद्धि से प्रदेश के हजारों दुग्ध उत्पादक किसानों को दूध बिक्री पर सीधे तौर पर बढ़ा हुआ भुगतान मिलेगा, जिससे उनकी आय में शुद्ध वृद्धि होगी। महासंघ के अनुसार दूध की कीमत उसकी गुणवत्ता में मौजूद फैट और एसएनएफ (सॉलिड-नॉट फैट) के आधार पर तय की जाती है। उच्च गुणवत्ता वाले दूध के लिए निर्धारित नई दरों के तहत 4.5 प्रतिशत फैट और 8.5 प्रतिशत एसएनएफ वाले दूध के लिए किसानों को 43.58 रुपए प्रति लीटर, 5.0 प्रतिशत फैट और 8.5 प्रतिशत एसएनएफ वाले दूध के लिए 47.05 रुपए प्रति लीटर तथा 6.0 प्रतिशत फैट और 9.0 प्रतिशत एसएनएफ वाले दूध के लिए 52 रुपए प्रति लीटर का भुगतान किया जाएगा। इन दरों में शासन द्वारा दी जाने वाली 2.50 रुपए प्रति लीटर की अनुदान राशि शामिल है। नई दरों के लागू होने से दुग्ध उत्पादकों को उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण दूध का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। हालांकि, दूध के क्रय मूल्य में हुई इस बढ़ोतरी का असर आम उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा
eercdchatra-jhr@nic.in

(शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा द्वारा दिनांक 24.09.2026 को प्राप्त की जाने वाली निविदा, जो **PR No.- PR-388741(Road)26-27(D)** द्वारा ई० प्रोक्योरमेंट नोटिस सं० – 05/2026–27 (1st Call) आमंत्रित की गई है। ई० प्रोक्योरमेंट नोटिस सं० – 05/2026–27 (1st Call) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 390279 Road(26-27)#D

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई -चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र. / 856 / निविदा/ सम्प.वि./2026-27 भिलाई- चरौदा, दिनांक, 18.09.2026

ई-प्रोक्युरमेन्ट नीलामी (Auction) सूचना

नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा द्वारा **ट्रान्सपोर्ट नगर, हथखोज में व्यवसायिक परिसर फेस-02** हेतु रिक्त भूखण्डों का अन्तरण 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने हेतु निविदा/ प्रस्थापना Online Portal में दिनाँक 21.09.2026 समय सायं 05:30 बजे से आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ब्लॉक क्र.	भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में)	भूखण्ड क्र.	ऑक्शन क्र.	ऑक्शन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	08	8.60 x 14.50 =125	1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30	199724, 199725, 199726, 199727, 199728, 199729, 199730, 199731, 199732, 199733, 199734, 199735, 199736, 199737, 199738, 199739, 199740, 199741, 199742, 199743, 199744, 199745, 199746, 199747, 199748, 199749, 199750, 199751, 199752, 199753	12.10.2026
2	13	11.40 x 20.00=228	17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25	199754, 199755, 199756, 199757, 199758, 199759, 199760, 199761, 199762	12.10.2026
3	13	16.00 x 26.00=416	26, 27, 28, 29, 30, 31	199763, 199764, 199765, 199766, 199767, 199768	12.10.2026

उपरोक्त के संबंध में निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत निविदा खोलने की तिथि दिनाँक - 13.10.2026 समय प्रातः 10:30 बजे से निर्धारित है।

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाएं, वृक्ष लगाएँ, पर्यावरण को शुद्ध बनाएं"

आयुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई -चरौदा

Chhattisgarh State BharatNet Infrastructure Limited (CSBIL)
4th Floor State Data Centre Building, Raipur, Chhattisgarh 492001
Phone: 0771-4014158 E-mail: mdcsbil@cgchips.in

ST No. 199548 RAIPUR, DATED 23/09/2026

TENDER NOTICE

Chhattisgarh State BharatNet Infrastructure Limited (CSBIL) invites online proposal from eligible bidders for Selection of an Agency for **"Request for Proposal for Development (Creation, Upgradation and Operations & Maintenance) of Middle mile network of BharatNet on Design, Build, Operate and Maintain (DBOM) Model"**. The Information cum Tender document can be downloaded from website http://eproc.cgstate.gov.in.

S-49119/2 MD, CSBIL

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) Pin code- 492006 Phone: 0771-6621000
Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

Notice Inviting Request for Proposal

No CSIDC/IPPD/2026-27/ Date: 18/09/2026

NIT No.	Title
04/26	RFP for Setting up Innovation cum Incubation Hub under RAMP Scheme

The Request for Proposal (RFP) documents and other detail can be downloaded from the web portal **https://eproc.cgstate.gov.in** or **https://csidc.in/tender/** from **21.09.2026** and shall be submitted online only.

Amendment in RFP, if any, will be only published on the e-Proc website/ CSIDC Website and shall not be published in any newspaper. The last date for online submission of RFP through e-Proc is **12.10.2026** at 4.00 pm. The interested Agencies for online submission of RFP may contact E-Proc Helpdesk operated by Mjunction Services Ltd. They may reach Helpdesk using **18004199140** (From 9.00 AM to 11.00 PM) (Thereafter press 2 for CG e-Proc) or can email **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**.

S-49123/1 Managing Director

छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड
(छ.ग. शासन का उपक्रम)
मुख्यालय "बीज भवन" जी.ई. रोड़ तेलीबांधा पो. रविग्राम, रायपुर
ई-मेलः beejnigam-cg@nic.in, cgbkvn_homs@yahoo.co.in

क्र./मुख्या./चैम्प्स/2026-27/I/640491/2026 रायपुर, दिनांक 18-09-2026

प्रेस विज्ञप्ति

कृषि एवं उद्यानिकी संचालनालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ड्रिप/स्प्रिंकलर, सिंचाई पंप, ट्रैक्टर, कम्बाईन हार्वेस्टर, पॉवर टिलर, स्वचालित/शक्ति चलित, कृषि यंत्रों पर कृषकों को अनुदान दिये जाने हेतु छ.ग. शासन कृषि विभाग के पत्र क्रमांक/7404/ एफ-08-09/Monitoring/2012-13/14-2 दिनांक 09.03.2016 के बिन्दु क्रमांक-'6' में प्रावधान अनुरूप जारी किया गया है।

तदनुसार इच्छुक आवेदकों/कम्पनियों/संस्थाओं से "तृतीय पक्ष भौतिक सत्यापन कार्य के पंजीकरण हेतु" आवेदन आमंत्रित है। विस्तृत विवरण छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के website://agriportal.cg.nic.in पर EOI का अवलोकन किया जा सकता है। जिसकी वैद्यता प्रकाशन के 15 दिवस तक निर्धारित है।

// प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित //

अपर संचालक कृषि (अभि.)
एवं प्रभारी चैम्प्स प्रकोष्ठ
मुख्यालय रायपुर

S-49118/1

इंडोनेशिया को 17-1 से हराया भारत का सामना थाईलैंड से कल

टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत दीपिका, रुतुजा, नवनीत की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका, फॉरवर्ड रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराकर एशियाई खेलों के पूल बी में सोमवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीपिका ने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। इससे पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ 19-0 से मिली जीत में दीपिका ने 8 गोल दागे थे।

रुतुजा ने 15वें, 20वें और 38वें मिनट में गोल किए। नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल दागे। सुनेलिटा टोप्पो (11वां, 30वां) , लालरेम्सियामी (12वां और 16वां) और साक्षी राणा (25वां और 57वां) ने दो-दो गोल किए जबकि कप्तान सलीमा टेटे (35वां) और इशिका चौधरी (36वां) ने एक-एक गोल किया। इंडोनेशिया के लिये एकमात्र गोल इनेस आदितिया ने 32वें मिनट में दागा ।



जबरदस्त तालमेल के साथ दागे धड़ाधड़ गोल

भारत को चौथे ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन नवनीत के प्रयास को इंडोनेशियाई गोलकीपर ने रोक दिया। दीपिका ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद नेहा के पास पर सुनेलिटा ने गोल दागा। दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका की फ्लिक इंडोनेशियाई गोलकीपर ने बचा ली, जिसके बाद रिबाउंड पर लालरेम्सियामी ने गोल किया। रुतुजा ने साक्षी राणा का प्रयास बचा लिए जाने के बाद डिफ्लैक्शन पर गोल दागा। एक मिनट बाद लालरेम्सियामी ने और फिर रुतुजा ने गोल किए। साक्षी ने 27वें मिनट में दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर गोल के बाद रिबाउंड पर गोल किया। भारत का सामना अब बुधवार को थाईलैंड से होगा।



321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी बनी सविता

काकामिगाहारा। भारतीय हॉकी की दीवार कही जाने वाली गोलकीपर सविता पूनिया सोमवार को भारत के लिए सबसे ज्यादा 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिन्होंने वंदना कटारिया का रिकॉर्ड तोड़ा। सविता ने यह उपलब्धि एशियाई खेलों में पूल बी में इंडोनेशिया के खिलाफ दूसरे मैच में हासिल की। हॉकी इंडिया ने इस उपलब्धि पर उनके लिए 10 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पूर्व कप्तान और तीन बार एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (2020, 2021, 2023) चुनी जा चुकी सविता ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था और अब तक तीन ओलंपिक, तीन विश्व कप और दो एशियाई खेलों में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ फरवरी 2025 में हुए मैच के दौरान 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए थे। वह वंदना के अलावा 300 से अधिक मैच खेलने वाली अकेली भारतीय महिला खिलाड़ी और पीआर श्रीजेश के बाद एकमात्र गोलकीपर हैं।

निशानेबाजी : ढिल्लों और पाटिल ने जीते दो पदक

नागोया। युवा निशानेबाज हिमांशु ढिल्लों और रुद्रांक्ष पाटिल ने रोमांचक मुकाबले में दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता जबकि दोनों ने पार्थ माने के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का रजत पदक भी अपने नाम किया। इन तीन पदक से निशानेबाजी में भारत की पदक संख्या पांच हो गई है, जिसमें 4 रजत और 1 कांस्य शामिल है। सोमवार को अपना 21वां जन्मदिन मना रहे हिमांशु ने 252.4 अंक के साथ रजत जीता। रुद्रांक्ष ने 230.9 अंक हासिल किए। मजबूत शुरुआत के बाद वह स्वर्ण पदक की चुनौती पेश करते दिख रहे थे लेकिन अंततः तीसरे स्थान पर रहे। व्यक्तिगत ढिल्लों, अपने पहले एशियाई खेल में हिस्सा ले रहे रुद्रांक्ष और 18 वर्षीय माने के टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने के महज एक घंटे बाद आए।



बैडमिंटन पुरुषः क्वार्टर फाइनल में भारत, बांग्लादेश को हराया

इचिनोमिया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम बांग्लादेश को 3-0 से हराकर सोमवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और श्रीकांत ने एक भी गेम गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना मंगलवार को मेजबान जापान से होगा। महिला टीम भी अंतिम आठ में जापान से खेलेगी। लक्ष्य ने इब्न ऐमान जमान को आधे घंटे से भी कम समय में 21-4, 21-12 से मात दी। इसके बाद आयुष ने गौरब सिंह को 25 मिनट में 21-4, 21-13 से हराया। श्रीकांत ने जुमार अल अमीन को 23 मिनट में 21-15, 21-9 से शिकस्त दी। मैच के बाद लक्ष्य ने कहा,' मेरे लिए हालात के अनुरुप ढलना अहम था। यह कठिन मैच नहीं लग रहा था लेकिन पहला मैच काफी पेचीदा हो सकता है। मैं अच्छी शुरुआत करके कोर्ट के अनुसार खुद को ढलने के इरादे से ही आया था।



महिला टेबल टेनिस : पाकिस्तान को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत

टोयोटा। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्काई हॉल में भारत ने ग्रुप एफ में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने रविवार को अपने शुरुआती मुकाबलों में इंडोनेशिया और सिंगापुर को हराया था और इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी अपना दबदबा कायम रखा। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला युगल का कांस्य पदक जीतने वाली सुतीर्था मुखर्जी ने अलीना खान को केवल 10 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।इसके बाद 17 वर्षीय सिंड्रेला दास ने कलसूम खान को 11-6, 11-7, 11-5 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।



मुक्केबाजी : प्री क्वार्टर फाइनल में सुमित कुंडू

निशियो। भारत के मुक्केबाजी अभियान की एशियाई खेलों में सोमवार को शानदार शुरुआत हुई जब सुमित कुंडू ने 70 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर में थाईलैंड के बुनजोंग सिनसिरी को सर्वसम्मत फैसले में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पि छ ले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से चूके दो भारतीय मुक्केबाजों में शामिल कुंडू ने अंतिम दौर में दबदबा बनाते हुए सिनसिरी को 5-0 से हराया। अब उनका सामना इराक के अली कासिम हमदान अल सर्रा से होगा। भारत ने एशियाई खेलों के लिए 11 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम उतारी है, जिसमें छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं। पिछले एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने चार पदक जीते थे, जिनमें एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल थे।



भारत की शानदार शुरुआत, जापान को 49-24 से हराया

टोकाई सिटी। गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मेजबान जापान को 49-24 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और टोकाई सिटीजन्स जिम्नेजियम में अयान लोचब और देवांक दलाल ने रेडिंग में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक टीम को 31-9 की बढ़त दिला दी।

भारत अंडर-19 टीम का सीरीज पर कब्जा

वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अनाधिकारिक वनडे सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। निरंजन शाह स्टेडियम में इस जीत के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने 18 सितंबर को खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 रन से जीता था, जिसमें बारिश के चलते 30-30 ओवरों की कटौती हुई। अब दूसरा मैच जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर कब्जा कर लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 23 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी।



भारत ने बनाए 341 रन

राजकोट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 341 रन बनाए। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। लक्ष्य 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। आर्यवीर 48 गेंदों में 9 चौकों के साथ 47 रन बनाकर आउट हुए।

भारत और जापान के बीच मुकाबला आज



सानो। जापान की क्रिकेट टीम ऐतिहासिक टी20 मुकाबले में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन भारत का सामना करेगी तो यही उम्मीद होगी कि इस मैच का असर बेसबॉल के दीवाने इस देश में मैदान से बाहर तक नजर आए। इस मैच की घोषणा हाल ही में की गई और यह भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में खेला जाएगा। भारत मौजूदा विश्व चैम्पियन है और जापान 41वीं रैंकिंग पर है लिहाजा यह बेमेल सा ही मुकाबला है, जिसे आइची नागोया में एशियाई खेलों के बीच आयोजित किया जा रहा है। आंकड़ों से इतर बात करें तो इस मैच के जरिए जापान के क्रिकेटरों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों से खेलने का मौका मिलेगा। जापान क्रिकेट संघ के सीओओ एलेन कर ने कहा,'जापान क्रिकेट की पृष्ठभूमि में कई सालों से बहुत कुछ चल रहा है और अब यह बहुत अच्छा है कि हम समुद्र तल से ऊपर है और हम असल में कुछ और लोगों को दिखाई दे रहे हैं।'

चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच बने जहीर खान

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को आगामी सीजन के लिए अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम में जहीर ने स्टीफन फ्लेमिंग की जगह ली है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में टीम के लगातार तीसरी बार प्लेऑफ में न पहुच पाने के बाद यह पद छोड़ दिया था। जहीर ने कहा, आईपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। बतौर क्रिकेटर मैंने मैदान पर सीएसके का सामना करते हुए उन मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया है।

डेविस कप : ज्वेरेव ने प्रिजमिक को महज 77 मिनट में हराया



एजेंसी ▶▶| हाले

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डिनो प्रिजमिक को आसानी से हराया, जिससे जर्मनी ने क्रोएशिया को 3-1 से शिकस्त देकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 8 में जगह बनाई। ज्वेरेव ने प्रिजमिक को 6-2, 6-4 से हराने में केवल 77 मिनट लिए। प्रिजमिक की रैंकिंग अमेरिकी ओपन और फ्रेंच ओपन के चैंपियन ज्वेरेव से 100 से अधिक स्थान नीचे है। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ज्वेरेव ने जर्मनी के हाले में इंडोर हार्ड कोर्ट पर दबदबा बनाए रखा। प्रिजमिक को मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं मिला। इससे पहले रविवार को केविन क्रावित्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी ने निकोला मेक्टिच और माते पाविच को 7-5, 6-2 से हराकर ज्वेरेव को जर्मनी को नवंबर में इटली के बोलोग्ना में होने वाले अंतिम आठ मुकाबलों में पहुंचाने का मौका दिया था।

हमारे सम्मानित ग्राहकों के लिए सूचना

हम सूचित करना चाहते हैं कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) ने 28, 29 और 30 सितंबर 2026 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का नोटिस दिया है।

2. यद्यपि बैंकों का प्रबंधन शाखाओं / कार्यालयों में न्यूनतम सेवाएं जारी रखने का प्रयास कर रहा है, फिर भी यदि ऐसा संभव न हो सका, तो हमारे सम्मानित ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

3. अतः हम अपने सभी ग्राहकों को सुझाव देना चाहेंगे कि वे अपने बैंकिंग लेन-देन हड़ताल की तारीख से पहले ही पूरा कर लें , ताकि हमारी शाखाओं / कार्यालयों के बंद रहने के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। हमारे ग्राहकों से यह भी अनुरोध है कि वे हड़ताल के दिन (दिनों) अपनी तत्काल नकदी आवश्यकता को पूरा करने के लिए एटीएम का उपयोग करें। साथ ही , उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे अपने बैंकिंग कार्यों के लिए यथासंभव ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा, बैंक मोबाइल ऐप्स, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें।

4. हम एक बार पुनः इस हड़ताल के कारण अपने ग्राहकों को होने वाली संभावित असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़
(संयोजक-भारतीय स्टेट बैंक)

FORM NO. 17
[See Regulation 33(2)]
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Residency Road, Near Head Post Office Jabalpur- 482001, MP.
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.
RC 396/2024 09.09.2026
IDBI BANK
Versus
BISAHU SAHU
To,
(CD1) BISAHU SAHU
VILL-KHAPRI, GRAM-PANCHAYAT, PARASBOD, DIST-DURG (C.G.)-491331
(CD2) CHAINLAL SAHU
VILL-KHAPRI, GRAM-PANCHAYAT-PARASBOD, TEH-DHAMDHA, DURG (C.G.)-491331
Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **18/09/2024** in **OA/671/2022** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2473013.61 (Rupees Twenty Four Lakhs Seventy Three Thousands Thirteen And Paise Sixty One Only)** along with pendentellite and future interest @ 10% w.e.f. **23/05/2022** till realization and costs of **Rs 27000 (Rupees Twenty Seven Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.
2. You are hereby informed that the **06/11/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the sale properties or any portion thereof.
Specification of property-
Agriculture Land Survey No.-87/2 area 0.43 hect.; 88/1 area 0.39 hect.; 114/3 area 0.51 hect.; 147/2 area 0.06 hect.; 149/2 area 0.41 hect.; 197 area 0.16 hect.; 200/1 area 0.19 hect: 616/3 area 0.15 hect; 617/3 area 0.52 hect.; 616/6 area 0.22 hect, total area 3.04 hectare, situated at Village-Khapri, Tehsil-Dhamdha, Patwari Halka No.-13, RIC-13, District-Durg (C.G.); belonging to Shri Bisahu S/o Lt. Jivrakhan Sahu.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **09/09/2026**
SEAL Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)-492006
ईमेल : ceordaryp@gmail.com, वेबसाइट : www.rdaraipur.com दूरभाष : (0771) 2536188, 2536788

केविएट की सूचना

समक्ष माननीय न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश / द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी/तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी / षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, रायपुर (छ. ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण
द्वारा- मुख्य कार्यपालन अधिकारी
रायपुर विकास प्राधिकरण
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
संभावित प्रतिवादी / अनावेदक
केविएटकर्ता
विरूद्ध
आम जनता, व्यक्ति, संस्थान, समिति, समुदाय, एसोसिएशन, किरायेदार कब्जाधारी अथवा प्रभावितों का समूह तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)
संभावित वादी/ आवेदक

केविएट अंतर्गत धारा 148 (क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908

केविएटकर्ता/संभावित प्रतिवादी रायपुर विकास प्राधिकरण की ओर से निम्नानुसार निवेदन प्रस्तुत है :-

1) यह कि, केविएटकर्ता/ संभावित प्रतिवादी रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा अपनी नगर विकास योजना हेतु ग्राम कचना, लाभाण्डी एवं सड्डू के लिए छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 50 की उपधारा (3) के अधीन सूचना का निर्धारित प्रारूप में प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में दिनांक 11/09/2026 को किया जा चुका है तथा जिसे सर्वसाधारण की सूचना हेतु दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 12/09/2026 को भी प्रकाशित किया गया है।

2) यह कि, केविएटकर्ता / संभावित प्रतिवादी रायपुर विकास प्राधिकरण को यह आशंका है कि उक्त योजना के प्रकाशन एवं कार्यवाही के विरूद्ध कतिपय व्यक्ति, संस्थान, समूह, समुदाय, समिति, संघ इत्यादि के द्वारा केविएटकर्ता / संभावित प्रतिवादी रायपुर विकास प्राधिकरण की उक्त योजना के विरूद्ध वाद, आवेदन इत्यादि के माध्यम से माननीय न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जा सकता है। तद्नुसार यह केविएट सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

सो सूचना जाने।

केविएटकर्ता/संभावित प्रतिवादी रायपुर विकास प्राधिकरण

मैनचेस्टर सिटी ने शीर्ष पर अपनी बढ़त की मजबूत



मैड्रिड। एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग के इस सत्र के अपने पहले डर्बी मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को 5-3 से शिकस्त देकर शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत की। एटलेटिको के लिए दूसरे हाफ में अलेजांद्रो ग्रिमाल्डो और जोनाथन डेविड ने गोल किए। इस जीत से एटलेटिको दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि बार्सीलोना शीर्ष पर है। मैच के बाद रियाल मैड्रिड के कोच जोस मोरिन्हो ने रेफरी के फैसलों की कड़ी आलोचना की।

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :- 14-अक्टूबर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

स. क्रं.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री मोहरिर प्रवीण** 1 7 2064 बैंक कॉलोनी, चा भाग देना बेकचे पथी, गीता नगर, शरद नगर, नांदेड़-वाघाला, 441221-महाराष्ट्र। **श्रीमती देशपांडे मोहिनी दत्तात्रेय** 1 7 2064 बैंक कॉलोनी, चा भाग देना बेकचे पथी, गीता नगर, शरद नगर, नांदेड़-वाघाला, 441221-महाराष्ट्र।	₹ 30,42,215/- 30 सितंबर 2022 की स्थिति में	फ्लैट-2-सी, दूसरी मंज़िल, अवनी एन्क्लेव, स.क्र., खसरा 88/1,2,4, 88/5(92), 93/24, 111, 112/3, 113/11, प.ह.नं.- 18/25, ग्राम-कसरीडीह, दुर्ग, फ्लैट का बिल्टअप एरिया- 71.21 वर्गमीटर, **लेटिट्यूड-21.179287, लांगिट्यूड-81.273806.**	भौतिक	₹21,00,000/-	₹2,10,000/- / ₹ 5,000/-
2.	**श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड क्रमांक 06, राजनांदगांव- 491441. **श्री चौरसिया विशाल गौरीशंकर** स्पर्श ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, मारुति सुजुकी शोरूम, मनकी रोड के पास, राजनांदगांव - राजनांदगांव - 491441. **श्रीमती चौरसिया भारती विशाल** एचआईजी 11, दिनदयाल कॉलोनी, खैरागढ़ रोड, चिखली वार्ड नंबर 06, राजनांदगांव- 491441.	₹ 24,15,577/- 28 फरवरी 2025* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट- एलआईजी-I-03, क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर/629.46 वर्ग फुट, खसरा संख्या 9/1, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, दीन दयाल आवास योजना, चिखली, वार्ड-6, प.ह.-39, तहसील एवं जिला राजनांदगांव में स्थित है। जिसकी **चौहद्दी:**-उत्तर में एलआईजी-I-22, दक्षिण में कॉलोनी रोड, पूर्व में एलआईजी-I-02, एवं पश्चिम में एलआईजी-I-04, कुल क्षेत्रफल 58.50 वर्ग मीटर या 629.46 वर्ग फुट है। **लेटिट्यूड- 21.116377, लांगिट्यूड-881.041171.**	भौतिक	₹25,19,000/-	₹2,51,900/- / ₹ 5,000/-
3.	**श्री रोक्कम श्रीधर** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई-493441. **श्री रोक्कम श्रीधर** मै. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सौंद्रा, रायपुर 492001. **श्रीमती आर रजनी** 558 पंचशील नगर पूर्व, पोस्ट बी.एम.वाई., चरोदा वार्ड 20, भिलाई चरोदा दुर्ग, भिलाई-493441. **श्रीमती आर रजनी** मैसर्स. श्री ब्रदर्स इंटरप्राइजेज, 01 ग्राम सांकरा, तहसील धरसीवा, पोस्ट सौंद्रा, रायपुर 492001.	₹ 9,23,756/- 31 जनवरी 25* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की यूनिट एल-76, क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट है, खाता संख्या 323, खसरा संख्या 88/2, लोटस सिटी, प.ह.नं.-4, रानिमं-भिलाई-3, ग्राम-परसादा, तहसील-पाटन एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ **चौहद्दी:**- उत्तर में प्लॉट संख्या एल-65, दक्षिण में रास्ता, पूर्व में प्लॉट संख्या एल-75 एवं पश्चिम में प्लॉट संख्या एल-77, कुल क्षेत्रफल 690 वर्ग फुट (64.12 वर्ग मीटर) है। **लेटिट्यूड-21.236783 लांगिट्यूड-81.521741.**	भौतिक	₹10,74,000/-	₹1,07,400/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 30-सितंबर-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-12-अक्टूबर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: 1. HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, सीरियल नंबर 1-5 वाली अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों पर कोई बोझ नहीं है। 2. आइटम सीरियल नंबर 6 के लिए, इन्वेंट्री मौजूद है। उक्त संपत्ति के खरीदार को अनिवार्य रूप से यह इन्वेंट्री खरीदनी होगी।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

दिनांक: 22 सितंबर, 2026
स्थान: दुर्ग, राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी



भारत का वो गांव, जहां बच्चों से लेकर बूढ़े तक बोलते हैं अंग्रेजी

कोलकाता। भारत में गांवों की अपनी-अपनी अलग पहचान होती है। कोई गांव अपनी खेती के लिए मशहूर है, तो किसी की पहचान वहां के खान-पान, कारीगरी या किसी खास परंपरा से होती है। कुछ गांव ऐसे भी हैं जो अपनी अनोखी खूबियों की वजह से देशभर में चर्चा में आ जाते हैं। पश्चिम बंगाल का कालियाचक भी ऐसा ही एक गांव है, जिसकी पहचान किसी किले, मंदिर या पर्यटन स्थल से नहीं, बल्कि अंग्रेजी भाषा से जुड़ी है। सोचिए, किसी गांव की गली से गुजरते हुए आपको बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अंग्रेजी में बातचीत करते लोग सुनाई दें। कहीं घर के अंदर ट्यूशन चल रही हो, तो कहीं कोई आईईएलटीएस की तैयारी कर रहा हो। सुनने में थोड़ा अलग लगता है, लेकिन कालियाचक में अंग्रेजी से जुड़ा ऐसा ही माहौल देखने को मिलता है।

अंग्रेजी ने बनाई अलग पहचान

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में स्थित कालियाचक को अंग्रेजी शिक्षकों और ट्यूशन सेंटरों के लिए जाना जाता है। यहां अंग्रेजी सिर्फ स्कूल की किताबों तक सीमित नहीं है। कई परिवारों के लिए यह पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार का भी जरिया बन चुकी है। गांव की गलियों में आपको छोटे-छोटे ट्यूशन सेंटर और होम क्लास मिल जाएंगे। कहीं बच्चे स्पोकन इंग्लिश सीखते नजर आते हैं, तो कहीं प्रतियोगी परीक्षाओं और आईईएलटीएस जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। कालियाचक की खास बात यह है कि यहां अंग्रेजी सिखाने का काम कई परिवारों में पीढ़ियों से आगे बढ़ता आया है।



गांव से दिल्ली-मुंबई और विदेश तक पहुंच

कालियाचक के अंग्रेजी शिक्षकों की पहुंच सिर्फ आसपास के इलाकों तक सीमित नहीं है। यहां से कई शिक्षक दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में भी काम करने जाते हैं। कुछ लोग विदेशों में भी शिक्षण से जुड़े काम करते हैं, जबकि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए विदेशी छात्रों को पढ़ाते हैं। यानी जिस गांव की गलियों में कभी पढ़ाई की छोटी-छोटी क्लास शुरू हुईं, वहीं से निकलकर कुछ लोगों ने देश और विदेश तक अपना कॅरियर बना लिया है।

बच्चों को घर से मिलता है अंग्रेजी का माहौल

कालियाचक में अंग्रेजी सीखने का माहौल सिर्फ ट्यूशन सेंटरों तक सीमित नहीं है। कई माता-पिता बच्चों को घर पर भी अंग्रेजी में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए डिबेट और दूसरी शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। इसका फायदा यह होता है कि बच्चों को अंग्रेजी सिर्फ परीक्षा पास करने के लिए नहीं, बल्कि बातचीत के एक माध्यम के तौर पर सीखने का मौका मिलता है।

सिर्फ अंग्रेजी ही नहीं, खेती और कारोबार भी पहचान

हालांकि, कालियाचक की चर्चा अंग्रेजी शिक्षकों और ट्यूशन सेंटरों की वजह से होती है, लेकिन गांव की अर्थव्यवस्था सिर्फ इसी पर निर्भर नहीं है। यहां खेती-बाड़ी और स्थानीय कारोबार भी लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। मालदा क्षेत्र अपने आम और लीची के लिए भी जाना जाता है। इसके अलावा रेशम और जूट से जुड़े छोटे कारोबार भी कई परिवारों की आजीविका का हिस्सा हैं। यानी कालियाचक की कहानी सिर्फ अंग्रेजी बोलने वाले लोगों की कहानी नहीं है। यह उस गांव की कहानी है, जहां एक हुनर धीरे-धीरे कई परिवारों के लिए पढ़ाई, रोजगार और आगे बढ़ने का जरिया बन गया।

रोचक खबरें

अमेरिका में 100 साल बाद खोजी गई बिल्ली की नई प्रजाति

वॉशिंगटन। 100 साल से भी ज्यादा समय के लंबे इंतजार के बाद, वैज्ञानिकों ने बिल्ली की एक नई प्रजाति खोजी है, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। यह दिखने में बिल्कुल किसी खूंखार तेंदुए जैसी है, लेकिन



उसका वजन आम पालतू बिल्ली से भी कम है। सिर से लेकर पूंछ के अंत तक, सिर्फ 18 इंच लंबी इस बिल्ली को साइंटिस्ट्स ने लियोपार्डस तिलकायो नाम दिया है। इन सवालों का जवाब दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया की एक कहानी से मिलता है। साल 2017 में वहां एक स्थानीय शख्स को सड़क किनारे जंगल में एक बिल्ली का बच्चा मिला था। उसने उसे कोई आम पालतू बिल्ली समझकर घर में रख लिया। लेकिन, एक साल तक पालने के बाद जब उसे एहसास हुआ कि यह पूरी तरह से एक जंगली जीव है, तो उसने इसे सेंडा वर्डे एनिमल रिफ्यूज नाम की एक स्थानीय सैंक्चुअरी को सौंप दिया।

सुअर की किडनी के सहारे 271 दिनों तक जिंदा रहा इंसान

वॉशिंगटन। मेडिकल साइंस के इतिहास में एक ऐसा अभूतपूर्व चमत्कार हुआ है, जिसने किडनी की बीमारी और अंगों की किल्लत से जूझ रहे दुनिया भर के लाखों मरीजों के लिए उम्मीद की नई किरण जगा दी है। अमेरिका में 66 वर्षीय



टिम एंड्रयूज नाम के एक मरीज को सुअर की किडनी के सराहे 9 महीनों तक जिंदा रखा गया। उस मरीज को आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी के सहारे पूरे 9 महीने यानी 271 दिनों तक बिना डायलिसिस के जिंदा रखा गया। महत्वपूर्ण बात ये है कि इस दौरान वो सामान्य जिंदगी जीए और जब इसके बाद उन्हें इंसानों वाला किडनी लगा दिया गया। यह अभी तक के मेडिकल इतिहास में अब तक का सबसे लंबा समय है, जब किसी जानवर का अंग किसी इंसान के शरीर में इतने लंबे वक्त तक सफलतापूर्वक काम करता रहा। 'द लांसेट' जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे खास बात यह रही कि सुअर की किडनी ने एक 'ब्रिज' यानि अस्थायी सहारे के रूप में काम किया।

अमर होने के लिए गर्लफ्रेंड के पीरियड का खून जमा कर रहा अरबपति

वॉशिंगटन। ब्रायन जॉनसन की जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा ऐसे कामों में गुजरता है, जो आमतौर पर लोगों को बहुत अजीब लग सकता है। वह सुबह 4 बजे उठकर 11 बजे तक खाना खा लेते हैं और फिर रात 8 बजे सोने चले जाते हैं। वह हर रोज कई तरह की करीब 100 गोलियां खाते हैं। साथ ही वह अपनी गर्लफ्रेंड के पीरियड्स का खून फ्रीजर में जमा कर रहे हैं। यह सब कोशिश या टोटके उम्र बढ़ने की रफ्तार धीमा करने के लिए है। उनका मकसद मौत को चकमा देना यानी अमर होना है। अमेरिकी अरबपति टेक एंटरप्रेन्योर ब्रायन जॉनसन ने अपनी जिंदगी का मकसद मौत को मात देना बना लिया है। 48 साल के जॉनसन दुनिया में सबसे सेहतमंद बनने के लिए जुनूनी हैं और अपनी बायोलॉजिकल उम्र उलटते हुए हमेशा जिंदा रहने की 'अजीब' कोशिश में लगे हैं।



चीन में एआई को अपना 'चेहरा' किराए पर देकर लाखों कमा रहे हैं आम लोग

बीजिंग। चीन में फेस-लाइसेंसिंग का नया बिजनेस ट्रेंड में है। इसके तहत लोग अपना चेहरा एआई से शॉर्ट ड्रामा, गेम और विज्ञापन बनाने वालों को किराए पर दे रहे हैं। इसके बदले उन्हें 700 रुपए से लेकर 14.32 लाख रुपए तक की फीस घर बैठे दी जा रही है। पहले इस बिजनेस को सीक्रेटली चलाया जाता था, लेकिन अप्रैल के बाद से पब्लिक प्लेटफॉर्म्स के जरिए यह हर आम आदमी की पहुंच में आ गया है। हालत यह है कि एक बैंक कर्मचारी ने सिर्फ तीन दिन में अपनी फोटो सात बार बेचकर बैठे-बैठे करीब 35 हजार रुपए कमा लिए हैं।

कहां और कैसे करें अप्लाई?

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में युआनक्सियांग शिनशेंग और जिनझुआ जैसे कई नए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं। यहां लोग अपना रजिस्ट्रेशन और आईडी वेरिफिकेशन कराके खुद की डिजिटल एक्टर प्रोफाइल बनाते हैं। आपकी फीस कितनी होगी, यह पूरी तरह आप पर निर्भर है। ऑथराइजेशन फीस 700 रुपए (50 युआन) से शुरू होकर 14.48 लाख रुपए (99,999 युआन) तक जा सकती है।



कॉन्ट्रैक्ट करने से पहले जुर्माना देख लें

भले ही यह बिना मेहनत पैसे कमाने का आसान तरीका लग रहा हो, लेकिन कानूनी जानकारों ने इसे लेकर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स के कॉन्ट्रैक्ट आम यूजर्स के बजाय कंपनियों के ज्यादा फायदे में होते हैं। कई बार यूजर्स से उनकी तस्वीर, नाम और आवाज के सारे कानूनी अधिकार हमेशा के लिए छुड़वा लिए जाते हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि अगर कोई आम यूजर समय से पहले अपना अधिकार वापस लेना चाहे, तो उस पर 7.14 लाख रुपए तक का भारी-भरकम जुर्माना लग सकता है। जबकि कंपनी अगर पेमेंट में देरी करे, तो उस पर बहुत कम जुर्माना है। इसके अलावा, 14 साल से कम उम्र के बच्चों के डेटा को लेकर भी प्राइवेसी का बड़ा खतरा है।

इसका कोई भविष्य है?

सोशल मीडिया पर इस नए ट्रेंड को लेकर लोगों की राय बंटी हुई है। एक तरफ लोग खुश हैं कि आम आदमी का एक्टर बनने का सपना पूरा हो रहा है और बिना कुछ किए पैसे कमाने का रास्ता मिल गया है। वहीं, कुछ लोग इस मार्केट के भविष्य पर सवाल उठा रहे हैं।

अपनी शर्तों पर काम, कोई गलत इस्तेमाल नहीं

इस पूरे प्रोसेस की सबसे अच्छी बात यह है कि आपका चेहरा कहां इस्तेमाल होगा और कहां नहीं, यह आप खुद तय करते हैं। उदाहरण के लिए, 34 साल के चेन अपने चेहरे के एक बार इस्तेमाल के करीब 1400 रुपए लेते हैं। लेकिन, उनकी शर्त है कि उनका चेहरा सिर्फ फैमिली और रोमांस वाले वीडियो में दिखेगा, हॉरर या एडल्ट कंटेंट में नहीं। वहीं, दूसरी तरफ जिनझुआ प्लेटफॉर्म पर लिन नाम की एक महिला सबसे ज्यादा डिमांड में हैं। वह एक बार के करीब 7 हजार रुपए लेती हैं और उन्हें विलेन के रोल, कम कपड़ों वाले रोल या मौत वाले सीन से कोई परहेज नहीं है। ग्वांगडोंग की रहने वाली केले मानती हैं कि ऐसा करने से उनका चेहरा एआई द्वारा चोरी होने से भी बच जाता है, क्योंकि अब अगर कोई उनका चेहरा इस्तेमाल करना चाहता है, तो उसे कानूनी तौर पर पैसे चुकाने ही होंगे।



सऊदी के डूबे जहाज से निकली 16 टन चांदी 82 साल पहले रियाल ले जा रहा था जहाज

रियाद। साल 1994 में अमेरिकी जहाज एसएस जॉन बैरी के मलबे से 10 लाख से ज्यादा सऊदी चांदी के रियाल निकाले गए। यह सिक्के अमेरिकी लिबर्टी जहाज के डूबने के पांच दशक बाद बरामद हुई। ऐसे में इसने साल 1944 में डूबे जहाज की घटना को ताजा कर दिया, जो ओमान के पास अपने होल्ड में 30 लाख चांदी के सिक्कों के साथ डूबा था। मलबे से बरामद की गई चांदी का वजन 16 टन चांदी आंका गया। हालांकि, इस खोज के बाद भी खजाने को लेकर कई रहस्यों का खुलासा नहीं हो सका है।

अमेरिकी जहाज दूसरे विश्व युद्ध के आखिरी सालों में सऊदी अरब के लिए सिक्के ले जा रहा था। ये रियाल सऊदी



अरब के कहने पर फिलाडेल्फिया (अमेरिका) में ढाले गए थे और इनका मकसद तेजी से बढ़ रहे तेल उद्योग में काम करने वाले मजदूरों को भुगतान करने में मदद करना था। क्रिश्चियन साइंस मॉनिटर में छपी 1995 की रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्गो को इतना गुप्त रखा गया था कि क्रू को सिक्कों के बारे में पता ही नहीं था।

चांदी का रहस्य

द क्रिश्चियन साइंस मॉनिटर ने नवंबर 1995 में रिपोर्ट दी थी कि मिले हुए 10 लाख सिक्कों (16 टन वजन) से कम से कम 2 करोड़ डॉलर मिलने की उम्मीद थी। सोथबी ने कहा कि इन सिक्कों को एक साथ इसलिए बेचा जा रहा था, क्योंकि वे जहाज के मलबे से ऐतिहासिक रूप से जुड़े हुए थे। ये सिक्के सऊदी अरब के लिए तब मंगवाए गए थे, जब देश को मजदूरों को भुगतान करने के लिए मुद्रा की जरूरत थी, जिसमें तेल सुविधाओं के निर्माण में लगे मजदूर भी शामिल थे।

किशमिश की तरह सिकुड़ रहा बुध 23 किलोमीटर हो चुका है छोटा

टोक्यो। कल्पना कीजिए, धूप में रखा अंगूर धीरे-धीरे सिकुड़कर किशमिश बन जाए। कुछ ऐसा ही नजारा अंतरिक्ष में हमारे सौरमंडल के सबसे छोटे ग्रह बुध के साथ देखने को मिल रहा है। एक नई स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया है कि बुध ग्रह पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से सिकुड़ रहा हो सकता है। हफपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह स्टडी जर्मन एयरोस्पेस सेंटर के इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस रिसर्च ने की है। स्टडी के प्रमुख लेखक जापान के गाकु निशियामा हैं।

इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों के मुताबिक, बुध का सिकुड़ना पुराने



अनुमान से करीब 30 फीसदी ज्यादा हो सकता है। इसका मतलब है कि इस छोटे से ग्रह के व्यास में अब तक करीब 14 मील यानी 23 किलोमीटर तक की कमी आ चुकी हो सकती है। यह आंकड़ा इसलिए हैरानी वाला माना जा रहा है, क्योंकि बुध का पूरा व्यास यानी सर्किल ही लगभग 4,900 किलोमीटर है।

आखिर सिकुड़ क्यों रहा है बुध?

बुध के सिकुड़ने की वजह उसके अंदर छिपी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, करीब 4.5 अरब साल पहले बने इस ग्रह का बेहद गर्म लौह कोर धीरे-धीरे ठंडा हो रहा है। ठंडा होने के साथ इसका कोर सिकुड़ रहा है और उसके साथ ग्रह का मेंटल और क्रस्ट भी संकुचित हो रहे हैं। इसका असर बुध की बाहरी सतह पर दिखाई देता है। जैसे किसी कपड़े को अंदर से कसने पर उसकी सतह पर सिलवटें पड़ जाती हैं, वैसे ही बुध की सतह पर भी सिकुड़ने के कारण बड़ी-बड़ी दरारें और झुर्रियां जैसी संरचनाएं बनी हैं।

3 डॉलर में खरीदी सफेद कटोरी की 7 साल बाद बदली किस्मत, 18 करोड़ में हुई नीलामी

न्यूयॉर्क। सोचिए, अगर घर में रखा कोई ऐसा ही सामान अचानक करोड़ों रुपए का निकल आए तो? शायद पहली बार में यकीन करना मुश्किल होगा। कुछ ऐसा ही हुआ न्यूयॉर्क के एक परिवार के साथ, जब उनके घर में रखी एक छोटी सी सफेद कटोरी की असली कीमत सामने आई। परिवार ने इस कटोरी को साल 2007 में एक सेल से सिर्फ 3 डॉलर में खरीदा था। भारतीय रुपए में देखें तो उस समय यह रकम करीब 150 से 200 रुपए के आसपास रही होगी। परिवार के लिए यह बस एक खूबसूरत और साधारण सी कटोरी थी, जिसे उन्होंने घर में सजाकर रख दिया। उन्हें जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह छोटी सी चीज करीब 1000



साल पुराना इतिहास अपने अंदर समेटे हुए है। कई साल तक कटोरी घर में ही पड़ी रही। फिर साल 2013 में इसकी नजर कुछ एक्सपर्ट्स पर पड़ी। शुरुआत में माना गया कि इसकी कीमत करीब 2 से 3 लाख डॉलर हो सकती है। लेकिन, जैसे-जैसे इसकी जांच आगे बढ़ी, मामला और दिलचस्प होता चला गया। विशेषज्ञों ने पहचान लिया कि यह कोई आम कटोरी नहीं थी, बल्कि चीन के उत्तरी सांग राजवंश के समय की डिंगवेयर कटोरी थी। उत्तरी सांग राजवंश का शासन चीन में 960 से 1127 के बीच रहा था। नीलामी में कटोरी की कीमत भारतीय करेंसी में करीब 18 करोड़ रुपए बैठती है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com